**अमृत वाणी**

किसी का सरल स्वभाव उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसके मां-बाप के दिये हुए संस्कार होते हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या

वर्ष: 36 अंक 48

बुधवार, 28 मई, 2025

तापमान अधिकतम 36°C | न्यूनतम 28°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in


## 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान के मॉडल को मंजूरी

### बनाने में निजी कंपनियां मदद करेंगी, 7 हजार kg विस्फोटक लेकर उड़ेगा, रडार नहीं पकड़ सकेंगे

**नई दिल्ली, 27 मई।** भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयरक्राफ्ट को बनाने के लिए सरकारी के साथ निजी कंपनियों को भी बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) जल्द ही इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EoI) जारी करेगा। एयरक्राफ्ट बनाने में निजी कंपनियों को मौका देने की घोषणा से डिफेंस और इससे जुड़े सेक्टर्स की कंपनियों के शेयर्स में करीब 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स भी 52 सप्ताह के नए हाई 8,674.05 पर पहुंच गया। अप्रैल, 2024 में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (CCS) ने 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट के डिजाइन और विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के

प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। यह फाइटर जेट 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' है। ADA इस प्रोग्राम के एग्जीक्यूशन और एयरक्राफ्ट डिजाइन करने के लिए नोडल एजेंसी है। ADA रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के तहत आता है। यह भारतीय वायुसेना के अन्य लड़ाकू विमानों से बेहतर होगा। दुश्मन के रडार से बचने के लिए हाईटेक स्टेल्थ टेक्नोलॉजी से लैस होगा। इंटरनेशनल लेवल पर इस्तेमाल हो रहे 5वीं पीढ़ी के अन्य स्टेल्थ लड़ाकू विमानों के जैसा या उससे भी बेहतर होगा। एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी AMCA देश में ही विकसित होने वाला दूसरा फाइटर एयरक्राफ्ट होगा। इससे पहले भारत में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) तेजस और उसके एडवांस्ड वर्जन तेजस मार्क-1 को तैयार किया जा चुका है। इसके और भी उन्नत संस्करण मार्क-1-ए पर काम चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक AMCA 2035 तक एयरफोर्स और नेवी में तैनाती के लिए उपलब्ध हो सकेगा। 30 जुलाई को एयर फोर्स ने जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा एयरबेस पर हल्के लड़ाकू विमान तेजस MK-1 को तैनात किया। सेना का कहना है कि पायलट्स घाटी में उड़ान की प्रैक्टिस कर सकें, इसलिए ऐसा किया गया। कश्मीर, पड़ोसी देशों चीन-पाकिस्तान के लिहाज से संवेदनशील है। तेजस MK-1 मल्टीरोल हल्का लड़ाकू विमान है, जो वायुसेना को कश्मीर के जंगल और पहाड़ी इलाकों में और मजबूत करेगा। भारतीय वायुसेना के पास अभी 31 तेजस फाइटर प्लेन हैं।

## सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**मुम्बई, 27 मई।** सोमवार को रिकार्ड्स का दिन सूर्यकुमार यादव के नाम रहा। उन्होंने मुंबई इंडियंस (MI) के 2 रिकॉर्ड तोड़े। पहले सूर्या ने सचिन तेंदुलकर के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वे MI के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। इसके बाद सूर्या ने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा। वे किसी सीजन में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर भी बने। IPL-18 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (PBKS) ने मुंबई इंडियंस (MI) को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने जीत का टारगेट 18.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

## अनुष्का के भाई ने लालू परिवार को दी चुनौती

### कहा- मामला सुलझाएं वरना लड़ाई दूर तक जाएगी, परिवार की इज्जत नीलाम नहीं होनी चाहिए

**पटना, 27 मई।** तेजप्रताप यादव की अनुष्का यादव के साथ फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद पहली बार अनुष्का के भाई आकाश यादव मीडिया के सामने आए। सोमवार को उन्होंने पत्रकारों से कहा कि तेजप्रताप और अनुष्का दोनों एडल्ट हैं। यदि इस मैटर में लड़का और लड़की सीधे बातचीत करेंगे तो ठीक होगा। ये उनका पर्सनल मैटर है। अनुष्का हमारी छोटी बहन है। उनका जो भी निर्णय होगा, एक बड़े भाई के नाते हम उनके बेहतर भविष्य के लिए उनके साथ खड़े होंगे। शादी कब हुई, कब नहीं हुई, शादी हुई भी या नहीं, ये तमाम चीजें लड़का-लड़की खुद बताएंगे तो ठीक होगा। जो भी घटना है, वो हमें भी सोशल मीडिया से ही पता चल रही है। हमारे पास क्या जानकारी है, क्या जानकारी नहीं है, ये निजी बातें हैं। तेजप्रताप को पार्टी से निकाला गया है, हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। क्या उन्होंने बलात्कार किया। क्या वो रेपिस्ट हैं। इन बातों को इतना तूल देकर तेजप्रताप को पार्टी से नहीं निकालना चाहिए था। बात कर के इसका हल निकालना था। ये कोई मुगले आजम की फिल्म नहीं चल रही है। ये मामला एक गरीब घर की बच्ची का है। मेरे ऊपर कई आरोप लगे। करोड़ों कमाने के आरोप लगाए। ट्रांसफर-पोस्टिंग के आरोप लगे। ये भी आरोप लगा कि मैंने डायवोर्स करवाया। उनसे पूछिएगा डायवोर्स वाले दिन मैं उनके घर गया था या नहीं। जिसने घर तुड़वाने में मदद की वो लालू यादव जी का PA बनकर बैठा है। मेरे साथ 2018-2020 में अत्याचार हुआ। अपने परिवार के लिए, बहन के लिए मैं संघर्ष करूंगा। लालू जी को हम मानते हैं लालू जी पहल करें। इन चीजों को सार्वजनिक न करें। हल निकालें। इसे सही समय पर नहीं रोका गया तो लड़ाई दूर तक जाएगी। बीते चार दिनों से तेजप्रताप यादव और अनुष्का यादव के फोटो-वीडियो वायरल हो रहे हैं। पूरा सिलसिला 24 मई शाम 6 बजे से तब शुरू हुआ, जब तेजप्रताप के फेसबुक अकाउंट से अनुष्का के साथ रिश्ते की बात को सार्वजनिक किया गया।

## प्रेम चोपड़ा-परेश रावल जैसे डायलॉग मार रहे मोदी : कांग्रेस

### गंभीर सवालों पर चुप्पी साधे, देश की विदेश नीति सरकार के ट्रोल्स तय कर रहे

**नई दिल्ली, 27 मई।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को न पकड़ पाने के लिए सरकार पर निशाना साधा। सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि देश को अब तक कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब नहीं मिले, जिनमें से एक है कि पाकिस्तान के साथ किन शर्तों पर सीजफायर समझौता हुआ। मोदी इन अहम सवालों के जवाब की बजाय फिल्मी डायलॉगबाजी कर रहे हैं और उनके सांसद ओछी राजनीति कर रहे। पवन खेड़ा ने कहा -मोदी कभी प्रेम चोपड़ा की तरह तो कभी परेश रावल की तरह डायलॉग मार रहे हैं। कभी कहते हैं कि सिंदूर मेरी रगों में बहता है। गोलियां खाओ, रोटियां खाओ जैसे डायलॉग बोल रहे हैं। क्या यही एक गंभीर नेता का व्यवहार होता है? कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार की विध्वंसकारी विदेश नीति के

कारण हम अलग-थलग हो गए हैं। हमारी विदेश नीति का नतीजा ये है कि नेपाल-भूटान भी हमारे साथ नहीं खड़े हुए। जबकि संघर्ष के दौरान चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, मोदी सरकार की विदेश नीति का नतीजा ये है कि कुवैत ने पाकिस्तान पर से वीजा पाबंदियां हटा दी हैं। कुवैत, पाकिस्तान से लेबर ट्रीटी साइन करने वाला है। उधर UAE ने पाकिस्तान को 5 साल की वीजा अनुमति दे दी है। ईरान ने कल खुलकर कहा कि पाकिस्तान आतंक को शरण देता है। जबकि मोदी सरकार के ट्रोल्स ईरान के बारे में भद्दी टिप्पणियां करते हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि केंद्र की विदेश नीति ट्रोल्स तय कर रहे हैं। वे कभी इस्लामाबाद तो कभी कराची में हमला और कब्जा करवा देते हैं। मोदी सरकार को ट्रोल्स चला रहे हैं। वही इंस्पायर कर रहे हैं और वही ऑपरेट कर रहे हैं। इसका रिजल्ट सबके सामने हैं। प्रधानमंत्री खुद एक ट्रोलर की भाषा बोलने लगे हैं। ये बेहद चिंता का विषय है। केंद्र सरकार को जब समझ आ गया कि इनकी विदेश नीति के कारण हम अलग-थलग हो गए हैं तो इन्होंने ऑल पार्टी डेलिगेशन विदेश भेजा। कांग्रेस और अन्य पार्टी के सांसद विदेशों में भारत का पक्ष अच्छे से रहे हैं, लेकिन इनके भाजपा सांसद यहां जहरीला बयान दे रहे हैं। उनमें से एक सांसद विदेश में भारत का पक्ष रखने के लिए गया है और हर दिन सोशल मीडिया में जहरीला बयान भी दे रहा है।

## दिल्ली में कोविड-19 के 104 सक्रिय मरीज

**दिल्ली, 27 मई।** स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के कुल 104 सक्रिय मामले सामने आए हैं। इनमें से 99 मामले पिछले सात दिनों में सामने आए हैं। सिंह ने कहा घबराने की कोई बात नहीं है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के कुल 104 सक्रिय मामले सामने आए हैं। इनमें से 99 मामले पिछले सात दिनों में सामने आए हैं। सिंह ने कहा घबराने की कोई बात नहीं है। अभी तक कोविड के नए वैरिएंट से प्रभावित लोगों में केवल वायरल बुखार जैसे लक्षण ही देखने को मिल रहे हैं। हमने अस्पतालों को मानक प्रक्रिया के तहत बिस्तर, ऑक्सीजन, आवश्यक दवाएं और उपकरण तैयार रखने की सलाह दी है। एक सप्ताह में सक्रिय मामले 257 से बढ़कर 1,009 हो गए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के 1,009 सक्रिय मामले हैं, जो पिछले सप्ताह के 257 सक्रिय मामलों से 752 अधिक हैं।

## मानसून सीजन में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान

### जून में 108 प्रतिशत बारिश, मौसम विभाग बोला- एमपी, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र में ज्यादा असर

**नई दिल्ली, 27 मई।** देश में इस बार मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा ये 106 प्रतिशत रह सकती है। पिछले महीने इसे 105 प्रतिशत बताया गया था।

वहीं, जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। मौसम विभाग (IMD) ने मंगलवार को बताया, देश में जून के महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है, जो 108 प्रतिशत हो सकती है। यानी इस दौरान 87 सेमी से ज्यादा बारिश का अनुमान है। इसे लॉन्ग पीरियड एवरेज यानी LPA कहा जाता है।

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आस-पास के क्षेत्रों में इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, केरल और तमिलनाडु के कुछ इलाकों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। मध्य और दक्षिण भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य, जबकि पूर्वोत्तर में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। मानसून के कोर जोन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। इनमें अधिकांश बारिश साउथ वेस्ट मानसून के दौरान होती है और यह रीजन खेती के लिए मानसूनी बारिश पर बहुत ज्यादा निर्भर करता है। अर्थ साइंस मिनिस्ट्री के सचिव एम रविचंद्रन ने मंगलवार को मानसून पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इसका मतलब है कि मौसम विभाग ने 1971-2020 की अवधि के आधार पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (LPA) को 87 सेमी (870 मिमी) निर्धारित किया है। अगर किसी साल की बारिश 87 सेमी से ज्यादा होती है, तो उसे सामान्य से अधिक माना जाता है। अगर कम हो तो कमजोर मानसून माना जाता है। भारत सरकार ने एडवांस भारत फोरकास्ट सिस्टम (BFS) लॉन्च किया। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह इसे देश को सौंपा। यह सिस्टम आपदा प्रबंधन, खेती, जल प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा में पंचायत स्तर तक मदद करेगा। BFS सिस्टम मौसम के बारे में पहले से कहीं ज्यादा सटीक और छोटी से छोटी जानकारी देगा। पुणे के इंडियन इंडियन इंस्टीट्यूट और ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजिकल (IITM) ने इसे तैयार किया है। BFS सिस्टम 6 KM के रेजोल्यूशन पर मौसम का अनुमान लगाएगा, जो दुनिया में सबसे बेहतर है। इससे छोटी से छोटी मौसम संबंधी घटनाओं जैसे बारिश, तूफान का पहले से ज्यादा सटीक पता लगाया जा सकेगा। मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस के सेक्रेटरी एम रविचंद्रन ने बताया कि अब मौसम का पूर्वानुमान पहले से ज्यादा स्थानीय और सटीक होगा। उन्होंने बताया कि पहले सुपरकम्प्यूटर प्रत्यूष का उपयोग किया जा रहा था, लेकिन अब नए सुपरकम्प्यूटर अर्का का उपयोग किया जाएगा। प्रत्यूष को मौसम मॉडल चलाने में 10 घंटे लगते थे, वहीं अर्का सिर्फ 4 घंटे में काम पूरा कर देता है। यह सिस्टम 40 डॉप्लर रडार से डेटा लेता है और भविष्य में 100 रडार के साथ और बेहतर होगा। इससे 2 घंटे के स्थानीय पूर्वानुमान संभव होंगे।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण, साध्वी ऋतंभरा को पद्मभूषण सम्मान

### राष्ट्रपति भवन में सेकंड फेज के पद्म पुरस्कारों का वितरण

**नई दिल्ली, 27 मई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉर्ड्स दे रही हैं। इनमें लोकगायिका स्वर्गीय डॉ. शारदा सिन्हा समेत 68 हस्तियों को सम्मानित किया जा रहा है। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद हैं। मंगलवार को हुई अवॉर्ड सेरेमनी में बिहार की दिवंगत लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, राम मंदिर आंदोलन में शामिल रहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को पहले चरण की अवॉर्ड सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इनमें 4 पद्म विभूषण, 10

पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए। सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था। इनमें शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 13 हस्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। 19 हस्तियों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है। 113 हस्तियों को इस बार पद्म श्री से सम्मानित किया जाना है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 23 महिलाएं हैं। इनमें 10 विदेशी/NRI/PIO/OCI कैटेगरी के लोग भी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंडीगढ़ के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। रिटायर जस्टिस खेहर भारत के सबसे प्रतिष्ठित न्यायविदों में से एक हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंडीगढ़ के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। रिटायर जस्टिस खेहर भारत के सबसे प्रतिष्ठित न्यायविदों में से एक हैं।कर्नाटक के संगीतकार डॉ. रिकी ज्ञान केज को कला के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। तीन बार के ग्रैमी विजेता रिकी को भारतीय शास्त्रीय संगीत को समकालीन वैश्विक ध्वनियों के साथ मिश्रित करने में उनके असाधारण काम के लिए सराहा जाता है।कर्नाटक के संगीतकार डॉ. रिकी ज्ञान केज को कला के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। तीन बार के ग्रैमी विजेता रिकी को भारतीय शास्त्रीय संगीत को समकालीन वैश्विक ध्वनियों के साथ मिश्रित करने में उनके असाधारण काम के लिए सराहा जाता है। पहले चरण के पद्म पुरस्कारों में कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत और फिल्म डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण दिया गया। वहीं कुवैत की योग टीचर शेखा अली को भी चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

## हरियाणा में एक परिवार के 7 लोगों ने सुसाइड किया

### धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के बाद जहर खाया, ममेरा भाई बोला- 20 करोड़ कर्ज था

**चंडीगढ़/पंचकूला,27 मई।** हरियाणा के पंचकूला में सोमवार देर रात कर्ज से परेशान परिवार के 7 लोगों ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। सभी लोग घर के बाहर खड़ी गाड़ी में थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक व्यक्ति जिंदा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। परिवार पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में किराए के मकान में रह रहा था। मरने वालों में प्रवीण मित्तल, उनकी पत्नी रीना, मां विमला, पिता देशराज, जुड़वां बेटी हिमशिखा, दलिशा (11) और बेटा हार्दिक (14) है। प्रवीण मित्तल ने देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार शुरू किया था। वहां उसे घाटा हो गया। सभी सोमवार को बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री की कथा में गए थे। वहां से लौटते हुए इन्होंने ये कदम उठाया। गाड़ी से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें लिखा है, मैं बैंकरप्ट हो चुका हूं। सुसाइड नोट में जिन लोगों का जिक्र है, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। प्रवीण का परिवार मूल रूप से हिसार के बरवाला का रहने वाला था। उसके ममेरे भाई संदीप ने कहा कि प्रवीण पर 20 करोड़ का कर्ज था। उसे जान से मारने की धमकियां मिल रहीं थी। इससे पहले उसकी हिसार में स्क्रैप फैक्ट्री भी कर्ज न चुकाने पर बैंक ने जब्त कर ली थी।

## टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर

**नई दिल्ली, 27 मई।** टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2025 का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दी है। इनकम टैक्स विभाग ने आज यानी, मंगलवार 27 मई को इसकी जानकारी दी। ITR फाइलिंग की प्रोसेस जून के पहले हफ्ते से शुरू हो सकती है। आमतौर पर ये 1 अप्रैल से शुरू हो जाती है, लेकिन इस साल इसमें देरी हो रही है। पिछले साल भी ये अप्रैल में शुरू हुई थी। देरी की वजह ITR फॉर्म के लिए जरूरी ऑनलाइन टूल्स उपलब्ध नहीं होना है।

## दो दिवसीय बिहार दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

**दिल्ली, 27 मई।** भाजपा का दावा है कि यह रैली रोहतास जिले में होगी। राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री 30 मई को शाम करीब 5 बजे पटना हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। उनका हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का उद्घाटन करने और शहर के बाहरी इलाके बिहटा में एक नए हवाई अड्डे की आधारशिला रखने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार, 29 मई से बिहार के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह पटना में एक भव्य रोड शो का नेतृत्व करेंगे और रोहतास जिले में एक रिकॉर्ड तोड़ रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा का दावा है कि यह रैली रोहतास जिले में होगी। राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री 30 मई को शाम करीब 5 बजे पटना हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। उनका हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का उद्घाटन करने और शहर के बाहरी इलाके बिहटा में एक नए हवाई अड्डे की आधारशिला रखने का कार्यक्रम है। इन कार्यक्रमों के बाद, मोदी एक विशाल रोड शो के माध्यम से राज्य भाजपा कार्यालय जाएंगे, जो पुलिस मुख्यालय, पटना उच्च न्यायालय और आयकर कार्यालय जैसे शहर के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरेगा। मार्ग में 32 अलग-अलग जगहों पर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया जाएगा। हालांकि जायसवाल ने स्पष्ट किया कि स्वागत कार्यक्रम किसी राजनीतिक बैनर के तहत आयोजित नहीं किए जा रहे हैं।

## राहुल गांधी के खिलाफ याचिका खारिज

### वाराणसी कोर्ट में सुनवाई हुई, अमेरिका में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप

**वाराणसी, 27 मई।** राहुल गांधी के खिलाफ याचिका को वाराणसी कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। कोर्ट में याचिकाकर्ता की मेंटेनिबिलिटी पर पहले बहस हुई। इसके बाद राहुल गांधी के खिलाफ याचिका को सुनने योग्य नहीं माना गया। राहुल गांधी की ओर से एडवोकेट अनुज यादव कोर्ट में मौजूद रहे थे। राहुल गांधी पर भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। 19 मई को जज ने ऑर्डर सुरक्षित रख

लिया था। एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने 12 मई को याचिका में दावा किया कि भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसी साल 21 अप्रैल को अमेरिका के बोस्टन पहुंचे थे। यहां पर ब्राउन यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के साथ उनका एक सेशन था।यहां राहुल ने भगवान श्रीराम को लेकर विवादित बयान दिए थे। उन्होंने भगवान राम को पौराणिक बताया था और उस युग पर बताई जाने वाली कहानियों को काल्पनिक कहा था।

हरिशंकर पांडेय ने कहा- राहुल गांधी ने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाकर देश की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। राहुल गांधी %राम द्रोही% हैं। उनकी सरकार ने राम मंदिर का विरोध किया और वह विदेश में जाकर भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं।

एडवोकेट ने कोर्ट से मांग करते हुए कहा- राहुल के इन स्टेटमेंट पर केस दर्ज किया जाए। जिला और सत्र न्यायालय की स्क्क-स्क्र कोर्ट ने आवेदन देखने के बाद एडवोकेट को 19 मई डेट दी थी। इस दिन सुनवाई हुई और कोर्ट ने ऑर्डर रिजर्व रख लिया।


घर के बाहर घर जैसा आराम

**होटल वैशाली**

मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087

कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरु, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें। काकू भाई मो. 9235152444

**निदान चिकित्सा केन्द्र**

कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**

( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# गुप्तेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा व शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पूरेडलई बाराबंकी 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर,मूर्तिहन घाट पर चल रहे तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव के दूसरे दिन भक्ति,श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।प्रात:कालीन अनुष्ठान में 101 पवित्र कलशों से हुआ भगवान शिव का भव्य महा अभिषेक मंगलवार की सुबह मंदिर परिसर वेदों की ऋचाओं, शंखनाद और घंटों की गूंज से गूंज उठा 101 पवित्र कलशों में भरे गए पवित्र सरयू जल, दूध,दही,घृत शहद एवं गंगाजल से भगवान गुप्तेश्वर महादेव का महा अभिषेक संपन्न कराया गया।श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से महादेव का स्नान,पुष्पार्चन और जलाभिषेक कर धर्म और जीवन कल्याण की प्रार्थना की।पूजन का विधिवत संचालन अयोध्या, वृंदावन और वाराणसी से आए प्रतिष्ठित विद्वान आचार्यों द्वारा किया गया।मुख्य आचार्य डॉ.महीधर शुक्ल महाराज(अयोध्या धाम)आचार्य बालेंद्र धर शुक्ल महाराज,आचार्य लक्ष्मी धर शुक्ल महाराज(श्रीधाम वृंदावन)आचार्य बसंत ओझा(वाराणसी)आचार्य सीताराम प्रिय महाराज और आचार्य कौशलेश रामानुज महाराज ने वैदिक विधान से पूजन संपन्न कराया।प्रवचन में शिव की महिमा का किया गया गुणगानप्रवचन में डॉ. महीधर शुक्ल महाराज ने कहा शिव केवल देव नहीं चेतना हैं।जब-जब संसार में अज्ञान और अधर्म का अंधकार छाया है तब-तब शिव ने विविध रूपों में धर्म की लौ प्रज्वलित की है।यह प्राण प्रतिष्ठा केवल प्रतिमा में नहीं, हमारे अंतर में शिव तत्व की स्थापना है।जब मन में श्रद्धा और कर्म में संयम होता है, वहीं से शिवत्व की शुरुआत होती है।उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि अपनी संस्कृति धर्म और मूल्यों से जुड़ेगा तो उसका जीवन न केवल सफल होगा बल्कि समाज को भी नई दिशा देगा।हमें मंदिरों को केवल पूजास्थली नहीं, संस्कार केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। दोपहर बाद नगर भ्रमण हेतु निकाली गई भव्य शोभायात्रा संध्या 3 बजे नगर भ्रमण हेतु भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।रथ पर विराजमान भगवान गुप्तेश्वर की सजीव झांकी श्रद्धालुओं का आकर्षण बनी रही।झांकी के साथ चल रहे भक्ति गीतों,ढोल-नगाड़ों,बैंड-बाजों और जयघोषों से नगर शिवमय हो उठा।शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण करते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई।झांकियों में भगवान शिव-पार्वती,नंदी,शिव तांडव,योगेश्वर स्वरूप सहित विभिन्न रूपों को सुंदरता से प्रदर्शित किया गया।नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।महिलाओं, बच्चों और युवाओं की बड़ी भागीदारी ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया।आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद,जलपान,सेवा व्यवस्था की गई थी।पुरुषोत्तम तिवारी एवं उनके परिवार सहित कालिका प्रसाद तिवारी,अनिल तिवारी राकेश शुक्ला,पंकज मिश्रा,विवेक तिवारी,राज कुमार निगम,नंद किशोर पांडेय विकास तिवारी,रिंकू पांडेय लवकुश शर्मा आदि ने लोग मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी ने बड़े मंगल पर पूजा अर्चन कर शुरू कराया भंडारा

बहराइच।तीसरे बड़े मंगल पर कैसरगंज मुख्य बाजार में लंगर-भंडारे की धूम रही। कैसरगंज बस स्टॉप पर नगर पंचायत के संयोजन में आयोजित बजरंगबली के विशाल भंडारे में उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने बजरंगबली की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण व पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर भंडारा शुरू करवाया।इस मौके पर श्री सिंह के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली सोनू, अधिशाषी अधिकारी शिवम द्विवेदीएवं नगर पंचायत के कर्मियों ने आगंतुक जनमानस व श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण करवाया गया। इस मौक पर लिपिक समर सिंह, कर्मचारी अनुज राव, विवेक कुमार,अमित सिंह, आदित्य राज, अश्वनी मो.कैश, शिवपाल यादव कुंवर सिंह आदि सहित दर्जनों कार्मिक उपस्थित रहे,भंडारे में भक्तों की भारी भीड़ ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में इलाहाबाद बैंक, कांग्रेस नेता ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, किशन कन्हैया, हनुमान मंदिर आदि की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया।

# 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निष्कर्षण व बिक्री के संबंध में दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता तिवारी के निर्देशन में थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सोतिया नाला दा0 उर्रा मे कुल 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि उ0नि0 कृष्ण कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 धर्मेन्द्र राव, हे0का0 अनिरुद्ध प्रसाद का0 सूरज सिंह , का0 चन्द्रकान्त दीक्षित व का0 अमन यादव के साथ देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि ग्राम सोतिया नाला ग्राम उर्रा मे 2 व्यक्ति कच्ची शराब बना रहे हैं। दबिश देने पर अभियुक्तगणो को कुल 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया तथा 1000 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 273/2025 धारा 60/60(2) पंजीकृत किया गया।पकड़े गए अभियुक्तों का नाम सीता राम पुत्र स्व0 मेवालाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम उर्रा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच व जिमीदार पुत्र कन्धई उम्र 57 वर्ष निवासी अहिरन कुट्टी दा0 मधवापुर थाना मूर्तिहा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच के बताए गए।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जनपद में शुरू नाइट ब्लड सर्वे

बहराइच। फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान और उन्मूलन के उद्देश्य से जनपद में सोमवार की रात से नाइट ब्लड सर्वे की शुरुआत की गई। अभियान के पहले दिन विभिन्न क्षेत्रों से 20 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं के कुल 960 रक्त नमूने लिए गए। यह सर्वे रात्रि 10 बजे से लेकर मध्यरात्रि तक उन चिन्हित क्षेत्रों में किया जा रहा है, जहां संक्रमण की आशंका अधिक पाई गई है। सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जो संक्रमित मच्छरों के माध्यम से एक दूसरे में फैलती है। इसका सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मरीज को 10 से 15 वर्षों तक बीमारी का पता ही नहीं चलता — और तब तक काफी देर हो चुकी होती है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया जनित माइक्रोफाइलेरिया परजीवी रात के समय रक्त में अधिक सक्रिय रहते हैं, इसलिए सर्वे रात्रिकालीन समय में ही किया जाता है। इसका उद्देश्य है कि संक्रमित व्यक्तियों को समय रहते चिन्हित कर उचित इलाज और रोकथाम की रणनीति तैयार की जा सके।वीवीडी नोडल व एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने जानकारी दी कि यह सर्वेक्षण 26 मई से 31 मई तक चलेगा। जिले के अर्बन क्षेत्र सहित सभी ब्लॉकों में एक संवेदनशील और एक रैंडम क्षेत्र चयनित किया गया है। हर क्षेत्र से 300 स्लाइड, यानी कुल 9600 स्लाइड तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 16 विशेष टीमों का गठन किया गया है, जिनमें प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन, बीएचडब्ल्यू, लैब असिस्टेंट, हेल्थ सुपरवाइजर और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं। संबंधित क्षेत्रों की आशा कार्यकर्ताओं को लोगों को शिविर स्थल तक लाने की जिम्मेदारी दी गई है।फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार ने बताया, नाइट ब्लड सर्वे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की रीढ़ की हड्डी है। इससे यह पता चलता है कि किन क्षेत्रों में संक्रमण की आशंका अधिक है। इसी आधार पर आगामी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (सर्व दवा सेवन) अभियान की रणनीति बनाई जाती है। उन्होंने बताया जांच रिपोर्ट में जिन व्यक्तियों में माइक्रोफाइलेरिया की पुष्टि होती है, उन्हें तुरंत दवा के माध्यम से उपचारित किया जाता है,, साथ ही उनके परिजनों और संपर्क में आए अन्य लोगों की भी स्क्रीनिंग व टेस्टिंग की जाती है।

# राजकीय इण्टर कालेज में छात्र व छात्राओं को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों की दी गई जानकारी

बाराबंकी। साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद बाराबंकी के निर्देशन में राजकीय इण्टर कालेज जाटा बरौली थाना सतरिख जनपद बाराबंकी में छात्र व छात्राओं को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई- 1. साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 पर कॉल करें अथवा साइबर अपराध पोर्टल की वेबसाइट https://cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके। 2. बैंक द्वारा कभी भी के.वाई.सी. अपडेट कराने के लिए किसी से मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी/ओटीपी/सीवीसी/पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है। यदि कभी भी ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। 3. किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांच कर लें। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। 4. अज्ञात व्यक्ति/मोबाइल नम्बर द्वारा भेजे गए लिंक को क्लिक न करें।5. किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी/पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है। 6. अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो, साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें। छात्र-छात्राओं को जागरूक करने वाली साइबर पुलिस टीम में प्र0नि0 संजीव कुमार यादव,उ0नि0 अमर चौरसिया थानाध्यक्ष सतरिख, आरक्षी पंकज यादव, आरक्षी राजन यादव साइबर सेल जनपद बाराबंकी का योगदान रहा।

# समर कैंप के आयोजन मे बच्चों को दी गई साइबर क्राइम के बारे में जानकारी

बहराइच। समर कैंप के सातवें दिन बच्चों ने योग व्यायाम के साथ हरदी थाने से आए सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार पाण्डेय और उनकी टीम के द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम से सुरक्षा और प्रार्थना पत्र के ड्राफ्टिंग के बारें में बताया गया और अंत मे मौसमी फल भी बच्चों मे वितरण किया गया,जिससे बच्चे बहुत उत्साहित थे। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा.अमित कुमार पांडेय समेत अन्य कई मौजूद रहे।

# तृतीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर आयोजित विशाल भंडारा

बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने विकास भवन रोड स्थित प्रिंट मीडिया कार्यालय पर आयोजित विशाल भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया। इस भंडारे का आयोजन मनीष सिंह पत्रकार द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत श्री कर्रा द्वारा भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। उन्होंने श्रद्धा भाव से हनुमान जी का आशीर्वाद लिया और मंगलमय आयोजन के लिए मंगल कामनाएं कीं। पूजा के उपरांत भंडारे की शुरुआत हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को छोला, चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर राकेश कर्रा ने कहा कि, ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दिन सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह दिन श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है।पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजक मनीष सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस पावन अवसर पर डॉ विवेक यादव,उमेश श्रीवास्तव, पाटेश्वरी प्रसाद,लवकुश शरण आनंद,सचिन सिंह,कुंदन,हिमांशु वर्मा,दिलीप वर्मा,अंकुर मिश्रा,रोहित सिंह,ज्ञानेंद्र आर्या,अनुपम चौरसिया सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

# फॉड कर निकाली गई संपूर्ण धनराशि को पुलिस ने कराया वापस

बाराबंकी। साइबर सेल जनपद बाराबंकी को ऑनलाइन 1930 के माध्यम से प्राप्त सूचना जिसमें आवेदिका अवंतिका परिहार निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा SBI बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 98,000/- रुपये का फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया। संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल/थाना द्वारा तत्काल बैंक/मर्चेंट से पत्राचार कर खाता होल्ड कराकर सम्पूर्ण धनराशि 98,000/- रूपये आवेदिका के खाते में वापस कराया गया।धनराशि खाते में वापस कराने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक संजीव कुमार यादव प्रभारी साइबर थाना,निरीक्षक विनय प्रकाश राय प्रभारी साइबर सेल, उ0नि0 इफ़लाक़ अहमद ख़ान, मुख्य आरक्षी नीरज यादव,आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया, आरक्षी पंकज सिंह,अंकुश चौधरी साइबर सेल का सराहनीय योगदान रहा।

# जेल अधीक्षक के निर्देशन में कैदियों द्वारा करायी जा रही जैविक खेती

बाराबंकी. जो हाथ कभी अपराध के लिए उठते थेए वही आज कारागार में रहकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। जेल अधीक्षक कुंदन कुमार के निर्देशन मेंबाराबंकी कारागार में कैदियों द्वारा जैविक खेती ;केचुआ खादद्ध से सब्जी उत्पादन की पहल निमदस संस्था के सहयोग से की जा रही है। इससे न केवल कैदियों को रोजगार मिल रहा हैए बल्कि उन्हें स्वावलंबी और आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है। वही जेलर जेपी तिवारी ने बताया कि जिला कारागार में 10एकड़ खेती योग्य जमीन है जिसमें बंदियों के द्वारा कारागार में स्थित गौशाला से निकले हुए गोबर से बर्मी कम्पोस्ट बनाकर पूरी तरह से ऑर्गेनिक और जैविक खेती की जा रही है। इससे लौकीए कद्दूए तरोईए करमुआए मरसाए कुल्फाए अरबीए करेलाए टमाटरए भिंडीए बैंगन व अन्य एक से बढ़कर एक सब्जियां बंदी उगा रहें हैं। कारागार में जैविक खेती एक ऐसी पहल हैए जो न केवल कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती है बल्कि कारागार में बन्द कैदियों का स्वास्थ्य अच्छा रहेए उन्हें ताजी हरी सब्जियां मिल सकें साथ में पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है। संस्था के प्रबंध.निदेशक एसके वर्मा ने कहा कि कारागार में बंदियों के जीवन सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वह अपनी अपराध भरी जिंदगी को बदलकर जेल से रिहा होने के बाद एक नए कल की शुरुआत कर सकें।साथ.साथ उन्हेंजैविक खेती के प्रति जागरूक करने का संकल्प भी दिलाया जाता हैए ताकि जेल के बाहर आने पर वे स्वयं जैविक खेती करें और किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित कर सकें।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिले में तैयारियां शुरू

बहराइच । आयुष विभाग बहराइच द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच डॉ. रंजन वर्मा ने बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। आज जनपद बहराइच में योग वैलनेस सेंटर मुरोवा मुंसारी के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर जयप्रकाश वर्मा द्वारा जनपद के समस्त योग वैलनेस सेंटर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात योग प्रशिक्षकों को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर बहराइच में योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समस्त प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक जनपद में कार्यरत संस्थाओं, योग संस्थाओं और आशाओं को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण देंगे।जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रभात मिश्रा ने बताया कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2025 के लिए योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ (एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग) की थीम रखी गई है। डॉ. वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के समस्त विभागों से योग सप्ताह मनाने हेतु कार्य योजना का प्रस्ताव प्राप्त किया जा रहा है ताकि योग दिवस हेतु अधिकतम लोगों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके और सभी लोग योगाभ्यास के द्वारा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सके।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाके अन्तर्गत कारीगरों को 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण

बाराबंकी उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया

गया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में ट्रेड-बढ़ई,नाई,दर्जी,कुम्हार,लोहार, सोनार,राजमिस्त्री,हलवाई,मोची एवं धोबी के पारम्परिक कारीगरों को 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से www.diupmsme.upsdc.gov.in अथवा https://msme.up.gov.in के माध्यम से दिनांक 25.05.2025 तक आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे,जिसकी अन्तिम तिथि पुन: दिनांक 31 मई 2025 तक बढ़ाई जाती है।उक्तानुसार निर्धारित ट्रेडों यथा - बढ़ई,नाई,दर्जी,कुम्हार,लोहार,सोना राजमिस्त्री,हलवाई मोची एवं धोबी के पारम्परिक कारीगरों से जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हों,वे अपने आधार कार्ड,फोटो,बैंक पासबुक नगर पालिका परिषद अध्यक्ष/जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्य/ग्राम प्रधान से पारम्परिक कारीगरी होने का प्रमाण-पत्र एवं स्वंय के हस्ताक्षर सहित समस्त आवश्यक दस्तावेज उक्त पोर्टल पर दिनांक 31 मई 2025 तक अपलोड करते हुये आवेदन कर सकते हैं।अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, सोमैया नगर,देवा रोड,बाराबंकी से सम्पर्क किया जा सकता है।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.द्वारा तरुणमित्र हिन्दी दैनिक के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए आदर्श कुमार इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# नवाचार के माध्यम से गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाया जाय :सदस्य गोसेवा आयोग

बहराइच । गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों/पदाधिकारियों के साथ तहसील सदर बहराइच के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मा. सदस्य उ.प्र. गोसेवा आयोग श्री रमाकान्त उपाध्याय ने निर्देश दिया कि जनपद में संचालित समस्त गौशाला को सोलर पैनल से आच्छादित किया जाय ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण संरक्षित पशुओं के लिए चारे पानी की असुविधा न होने पाये। मा. सदस्य ने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में व्यापक स्तर पर गोबर गैस प्लान्ट की स्थापना की जाय ताकि वहां पर उत्सर्जित गोबर का सदुपयोग हो सके। श्री उपाध्याय ने जिले में संचालित गो आश्रय स्थलों में बाउण्ड्रीवाल की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये ताकि संरक्षित गोवंश पूरी तरह से सुरक्षित रह सकें।मा. सदस्य ने जिले के अधिकारियों से कहा कि गौशालाओं में भूमि की उपलब्धता को मद्देनज़र रखते हुए अधिक से अधिक छांवदार वृक्ष लगाये जायें जिससे गोवंश किसी भी दशा में सीधी धूप के सम्पर्क न रहने पायें। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पशुओं के लिए छांव के वैकल्पिक प्रबन्ध भी सुनिश्चित करें। मा. सदस्य ने सुझाव दिया कि सभी गौशालाओं में मादा व नर पशुओं के लिए अलग अलग शेड बनाया जाय तथा इस बात के भी प्रबन्ध किये जायें कि बीमार पशु को दूसरे स्वस्थ पशु से अलग रखा जा सके। श्री उपाध्याय ने निर्देश दिया कि संरक्षित पशुओं को प्रत्येक दशा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाय तथा प्रत्येक 15 दिवस पर प्याऊ की चूने से पुताई भी की जाय।मा. सदस्य ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि गौआश्रय स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर से बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने संरक्षित पशुओं के लिए चारा परोसने का रोस्टर निर्धारित करने का सुझाव दिया। जिससे निर्धारित समय पर पशुओं को चारा मिले। उन्होंने चारे का भी एक निर्धारित मेन्यू तय करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी पशुओं को संतुलित आहार दिया जाय। पशुओं के चारे में चूनी-चोकर, सेंधा नमक, भूसा व हरा चारा को अवश्य शामिल किया जाय। उन्होंने कहा कि हरे चारे के रूप में नेपियर घास, मक्का, बाजरा को शामिल किया जा सकता है।मा. सदस्य ने सुझाव दिया कि गौशालाओ में उपलब्ध अतिरिक्त भूमि पर हरे चारे की बोआई करायी जाय तथा गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु नवाचार जैसे गोबर के लटठे, बायोगैस प्लान्ट, वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रेरित किया जाय। उन्होंने कहा कि गोबर के सदुपयोग से जहां गौशाला की आय में बढ़ोत्तरी होगी वहीं सस्ता ओर सुलभ ईंधन प्राप्त होने से पेड़ों पर पडने वाले दबाव में कमी आने से यह कदम पर्यावरण संरक्षण के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। सदस्य श्री उपाध्याय ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक 15 दिवस पर गौशालाओं का भ्रमण कर उन्हें शासन द्वारा अनुमन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएं तथा संरक्षित शत-प्रतिशत गोवंशों की टैगिंग करायी जाय। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जनपद में कुल 139 गौशाला संचालित हैं जिसमें 19 कांजी हाउस, 02 कान्हा, 09 वृहद गो संरक्षण केन्द्र तथा 109 अस्थायी गौआश्रय स्थल जनपद में संचालित हैं। जिसमें 34055 गौवंश संरक्षित हैं। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि माह मार्च तक भरणपोषण एवं सहभागिता योजना हेतु फण्ड जनरेट कर पत्रावली निदेशालय प्रेषित की गई है।इस अवसर पर गंगा समग्र काशी प्रान्त के संगठन मंत्री शुभम तिवारी, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह व नानपारा के रंग बहादुर सिंह, बीडीओ रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम, फखरपुर के अजय प्रताप सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बृजभूषण ने अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी में टेका माथा

## कहा- मुझे बजरंगबली और अयोध्या पर था पूरा विश्वास

**अयोध्या।** पास्को एक्ट से बाइज्जत बरी होने के बाद अखिल भारतीय कुश्ती संघ निवर्तमान अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह मंगलवार को दिल्ली से अयोध्या पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी मंदिर जाकर मत्था टेका। उसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा मैंने उस समय कहा था कि यह सब झूठ है। मुझे फर्जी तरीके से फसाने और बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। क्योंकि व्यक्ति अपने आपको जानता है। उस दरम्यान मैंने कहा था कि यदि आरोप सिद्ध हो जाए। तो मैं स्वत- ही फांसी पर लटक जाऊंगा। न्याय पालिका व अपने कृत्य पर हमें पूरा विश्वास था। कोर्ट ने मुझे पास्को एक्ट के मामले में बाइज्जत बरी कर दिया है। पूरे देश में मुझे जितना जन समर्थन मिला है। उतना आज तक किसी को नही मिला। देश के अंदर करोड़ों की संख्या में हमारे समर्थक हैं। एक तो मैं कभी घबराया और विचलित नही हुआ। मुझे बजरंगबली व अपने अयोध्या पर पूरा विश्वास था। पास्को एक्ट से बाइज्जत बरी करने के लिए न्याय पालिका का बहुत आभार है। देश के अंदर तीन धाराओं महिला उत्पीड़न, दहेज और पास्को एक्ट का बहुत बड़े पैमाने पर दुरूपयोग हो रहा है। सरकार इस पर विचार करे। एक सवाल के जवाब में बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि संत बचपन से साथ हैं। उनके अंदर जो आ रहा है, वह कह रहे हैं। खेल के क्षेत्र में मैंने अच्छा काम किया है। तो संतों की मंशा है कि मुझे देश का खेल मंत्री बनाया जाए। लेकिन इस पर मैं कुछ बोलूंगा नही। धर्मसम्राट श्रीमहंत ज्ञानदास महाराज के उत्तराधिकारी एवं संकटमोचन सेना अध्यक्ष संजय दास ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत हुई है।

न्याय पालिका पर हम लोगों व सनातन धर्मावलंबियों को पूरा भरोसा था कि एक दिन पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह बाइज्जत बरी होंगे। हनुमान जी कृपा साक्षात उनके ऊपर है। न्याय पालिका ने स्वत- उनको बाइज्जत बरी किया। इसी खुशी में हम संत-महंत, नागातीत बहुत ही आहलादित और प्रफुल्लित हैं। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी से नेता जी का बहुत ही गहरा लगाव है। उनके कार्यकाल के दौरान कुश्ती में कई मेडल आए। उन्होंने गरीब तबके के बच्चों को कुश्ती में आगे बढ़ाने का काम किया। इससे पहले सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी पहुंचने पर धर्मसम्राट श्रीमहंत ज्ञानदास महाराज के उत्तराधिकारी व संकटमोचन सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास के नेतृत्व में संतों ने पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का अंगवस्त्र ओढ़ा, माल्यार्पण कर स्वागत किया। संतों ने उन्हें अपना आशीर्वाद भी दिया। साथ ही साथ लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया। वहीं महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से अयोध्या धाम तक समर्थकों ने फूल-मालाओं से पूर्व सांसद श्री सिंह का अभूतपूर्व स्वागत किया। अपने स्वागत से बृजभूषण शरण सिंह बहुत ही अभिभूत दिखे। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी पर निर्वाणी अनी के श्रीमहंत मुरली दास, रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण, बड़ाभक्तमाल महंत अवधेश दास, महंत बलराम दास, पुजारी हेमंत दास, महंत रामप्रवेश दास, मनीराम दास, महंत हरिभजन दास, नागा उपेंद्र दास, नागा मनोज दास, संतदास, शिवम श्रीवास्तव, महेंद्र त्रिपाठी, जेडी सिंह आदि समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया छोला-चावल प्रसाद

**अयोध्या।** रामनगरी के प्रमोदवन तिराहे पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। अवसर जेठ माह के तीसरे मंगलवार का रहा। इस दौरान वहां आस्था, समर्पण और सेवा का संगम दिखा। जेठ मास के तीसरे मंगलवार पर प्रसाद वितरण का आयोजन मणिरामदास छावनी वार्ड के पूर्व पार्षद संजय पांडेय द्वारा किया गया था। सर्वप्रथम बजरंगबली के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन संग विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन, भोग, आरती किया गया। उसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ हुआ। पाठ के समापन उपरांत दोपहार बाद नगर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता के सुपुत्र अमल गुप्ता ने भंडारे का भव्य उदघाटन किया। फिर स्टाल लगाकर श्रद्धालु-भक्तों को भंडारे में छोला-चावल प्रसाद का वितरण किया गया। इस दरम्यान हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद संजय पांडेय ने कहा कि विगत छह वर्षों से उनके जेठ माह के हर तीसरे मंगलवार पर भंडारा किया जा रहा है। उसी के सापेक्ष में इस बार भी भंडारा हुआ। जिसमें हजारों बजरंगबली के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का सिलसिला दोपहार बाद शुरू होकर देररात्रि तक चलता रहा। तब तक कई श्रद्धालु-भक्त भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर चुके थे। हनुमान जी संकट हरने वाले देवता है। वह अपने भक्तों पर आने वाली विपत्ति को दूर कर देते हैं। पवन पुत्र हनुमान सबका कल्याण करते हैं। उनके दरबार से कोई खाली हाथ नही जाता है। इस अवसर पर सार्वभौम दार्शनिक आश्रम के उत्तराधिकारी महंत गंगा दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, रामजी त्रिपाठी, देवशरण मिश्रा, आशीष सिंह, रवि पांडेय, कल्लू, जालपा, महेंद्र त्रिपाठी समेत सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का लिया जायजा

**अयोध्या।** जनपद में फ़ाइलेरिया रोग के उन्मूलन की स्थिति जानने के लिए चलाए जा रहे ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे गतिविधि का पर्यवेक्षण आज नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम( भारत सरकार) दिल्ली की संयुक्त निदेशक डॉ रिंकू शर्मा व श्री जय राम द्वारा किया गया। साथ मे डब्लू एच् ओ के डॉ तनुज, डॉ नित्यानन्द व पाथ के डॉ सिद्धार्थ रहे। पूराबाजार व बीकापुर क्षेत्र निरीक्षण के बाद फ़ाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी कार्यालय में डी के श्रीवास्तव फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी के साथ कार्यक्रम की तकनीकी जानकारी और वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी रोकथाम के लिए विचार विमर्श किया गया।रात्रि रक्त पट्टिकाओं की जांच भी देखी गई। फाइलेरिया निरीक्षक दीपक तिवारी, अंकित राणा,लैब टेक्नीशियन दुर्गेश चंद आदि उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से मण्डलीय विकास कार्यों की गहन समीक्षा

## पीएम सूर्य घर योजना, जल जीवन मिशन, राजस्व व ई-ऑफिस क्रियान्वयन पर विशेष बल

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अयोध्या निखिल टीकाराम फुंडे, बाराबंकी श्री शशांक त्रिपाठी, सुल्तानपुर कुमार हर्ष, अम्बेडकर नगर अनुपम शुक्ला, अमेठी संजय चौहान अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी सहित सभी मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने पी0एम0 सूर्य घर योजना के प्रगति की समीक्षा दौरान कहा कि लक्ष्यों को विभागवार विभाजित कर तेजी से प्रगति सुनिश्चित की जाए। पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों से संपर्क कर इंस्टॉलेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन पर बल देते हुए निर्देश दिए कि समस्त विभागीय फाइलों का संचालन केवल ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए कोई भी फाइल भौतिक रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि वर्तमान में ढैंचा बीज सभी जनपदों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कृषि रक्षा रसायनों की भी प्रभावी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के प्रगति व इसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय यह योजना सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है जो सीधे तौर पर आम जन मानस के जीवन से जुड़ी हुई है। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने सभी लंबित राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। तथा कहा कि अविवादित वरासत मामलों एवं निर्णीत वादों में पारित आदेशों का शत-प्रतिशत अमलदरामद निर्धारित समयानुसार खतौनी में किया जाय। साथ ही मत्स्य पालन हेतु आवंटित व नये तालाबों की जानकारी को ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने को कहा गया। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में सेतु निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से संबंधित जिलाधिकारियो द्वारा की जाय। फैमिली आई0डी0 योजना की भी गहन समीक्षा की गई तथा इसमें प्रगति लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,पंडित दीनदयाल स्ट्रीट लाइट योजना,ऊर्जा आपूर्ति एवं ग्रामों का ऊर्जीकरण, राजमार्ग अनुरक्षण आदि विभिन्न विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक उपरांत बाल अधिकार संरक्षण के संबंध में यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। इसमें बाल स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं अधिकारों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया तथा आकांक्षी बिंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

बैठक का बिंदुवार प्रस्तुतीकरण अपर आयुक्त प्रशासन श्री अजय कान्त सैनी व संयुक्त विकास आयुक्त श्री राजेश कुमार झा द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गण, मण्डलीय प्रमुख अभियंता (लोक निर्माण, सिंचाई, विद्युत), अपर निदेशक शिक्षा, संयुक्त निदेशक, अपर जिलाधिकारी (राजस्व), आबकारी, जी0एस0टी0, वरिष्ठ सहायकगण व पटल सहायक गण सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# थाना बाबा बाजार में पुलिस आवासीय भवनों का निर्माण पूरा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस कल्याण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। थाना मवई के अंतर्गत थाना बाबा बाजार में पुलिस कर्मियों के लिए 8.07 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आवासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। दो ब्लॉकों में निर्मित इन 27 आवासों को जल्द ही निर्माण निगम (सीएनडीएस) द्वारा गृह विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। योगी सरकार का यह कदम पुलिस कर्मियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। थाना बाबा बाजार परिषद में पुलिस कर्मियों को लंबे समय से आवासीय सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा था। किराए के मकानों में रहने के कारण उनकी आर्थिक और मानसिक स्थिति प्रभावित होती थी। योगी सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और पुलिस कर्मियों के लिए आधुनिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इसी के तहत 25 सितंबर 2023 को रुदौली में थाना बाबा बाजार के लिए यह परियोजना शुरू की गई थी। इन भवनों में दो ब्लॉक शामिल हैं, जिनमें 13 और 14 आवास बनाए गए हैं, जो सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त हैं। सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया कि इन आवासों को पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। बिजली, पानी, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी सुविधाओं के साथ-साथ निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लेस। योगी सरकार की निगरानी में इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया। अब सीएनडीएस इन भवनों को गृह विभाग को सौंपने की प्रक्रिया में है, जिसके बाद आवासों का आवंटन शुरू होगा।

**8.07 करोड़ की लागत से रूदौली में बने दो ब्लॉक में है 27 आवास, सीएनडीएस जल्द करेगा गृह विभाग को हस्तांतरित, तैयारी तेज**

थाना बाबा बाजार के इन आवासों से पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे जनसेवा में अधिक समर्पण के साथ कार्य करेंगे। स्थानीय पुलिस कर्मियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनकी आर्थिक बचत होगी और कार्यस्थल के नजदीक रहने से कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। योगी सरकार का यह प्रयास पुलिस बल को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा की योगी सरकार की पुलिस कल्याण की प्रतिबद्धता के तहत यह परियोजना पुलिस कर्मियों के लिए एक बड़ी राहत है। इन आधुनिक आवासों से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि कार्यस्थल के निकट रहने से उनकी कार्यक्षमता और मनोबल में भी वृद्धि होगी। हमारा लक्ष्य है कि पुलिस कर्मी पूर्ण समर्पण के साथ जनसेवा करें।

### मंडलायुक्त कार्यालय में पुराने सामानों की नीलामी 7 जून को

**अयोध्या।** आयुक्त गौरव दयाल के अनुमोदन के क्रम में अपर आयुक्त (प्रशासन) अयोध्या मण्डल अजय कान्त सैनी ने सूचित किया है कि मंडलायुक्त कार्यालय अयोध्या में निष्प्रयोज्य फर्नीचर एवं अन्य पुराने सामानों का निस्तारण नीलामी के माध्यम से दिनांक 07.06.2025 को दोपहर 12 बजे की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में नाजिर के पास रुपये 2,000/- की धरोहर धनराशि जमा करके प्रश्नगत नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। किसी भी कार्यदिवस में आयुक्त कार्यालय आकर नाजिर के माध्यम से नीलाम किये जाने वाली सम्पत्तियों को देखा जा सकता है। प्रश्नगत सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता के पक्ष में नीलाम की जायेगी। तदोपरान्त उच्चतम बोलीदाता द्वारा नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि जमा करने के उपरान्त नीलाम सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को हस्तगत करायी जायेगी, नीलामी समिति का निर्णय अंतिम होगा।

# महाबली की महिमा से गूंजा लता चौक, भंडारे में भक्तों का सैलाब

## जिला पंचायत अध्यक्ष के संयोजन में आयोजित भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु

**अयोध्या।** आस्था और भक्ति की नगरी अयोध्या में जेठ माह के तीसरे मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन लता चौक, नया घाट पर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के संयोजन में आयोजित भंडारे की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच महाबली हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। दीप प्रज्वलन विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अभय सिंह और महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। सुबह 10 बजे हनुमान जी को भोग अर्पण करने के बाद भंडारे की विधिवत शुरुआत की गई।

भण्डारे में पहुंचे पूर्व सांसद लल्लू सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख का स्वागत भगवा अंगवस्त्र पहनाकर किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और गरिमामय बन गया। भंडारे की समुचित व्यवस्था के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित द्वारा कार्यकर्ताओं को स्पष्ट जिम्मेदारियाँ सौंपी गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु एक दर्जन से अधिक प्रसाद वितरण स्टॉल लगाए गए, जिससे किसी को भी कोई असुविधा न हो। यातायात व्यवस्था को लेकर कार्यकर्ताओं की टीम पूरी तरह सक्रिय रही, वहीं पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार दिशा-निर्देश प्रसारित किए जा रहे थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि यह आयोजन जनसहयोग और भक्ति का प्रतीक है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता यह सिद्ध करती है कि अयोध्या की जनता आस्था के साथ-साथ सेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहती है। हम सभी का प्रयास रहा कि हर भक्त को प्रसाद प्राप्त हो और कोई भी असुविधा न हो। मौके पर शक्ति सिंह, अभिषेक मिश्र, करुणाकर पांडे खुन्नू पाण्डेय, देवता पटेल, सुनील तिवारी शास्त्री, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, रवि सोनकर, आकाश मणि त्रिपाठी, माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, चक्रवर्ती सिंह उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के निधन से कार्यकर्ताओं में शोक की लहर

## कांग्रेस नेता का जाना एक युग का अंत : दयानन्द शुक्ला

**शुजागंज अयोध्या।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान हाजी अकील खां का मंगलवार लगभग दो बजे के निकट निधन हो गया, निधन की सूचना मिलते ही कॉंग्रेसियो एवं क्षेत्रवासियो मे शोक की लहर दौड़ गई,तथा गहरा दु:ख प्रकट किया।वही जिला उपाध्यक्ष दिवंगत श्री अकील खां की सूचना मिलते ही उनका अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व राज्यमंत्री दिल्ली सरकार दयानन्द शुक्ला ने मंगलवार सुबह टेलीफोनिक वार्ता के दौरान दु:ख प्रकट करते हुए कहा की कांग्रेस नेता श्री अकील खां का संसार से जाना एक युग का अंत है लगभग चार दशक पूर्व से ही श्री खां कांग्रेस पार्टी के एक सच्चे वफ़ादार सिपाही की तरह निरंतर पार्टी मे बने रहे। कांग्रेस नेता श्री खां ने सम्पूर्ण जीवन पार्टी के लिए समर्पित के दिया था,उनके चले जाने से पार्टी को एक अपूर्णिय क्षति हुई है।इश्वर इनके परिजनों को इस दु:ख की घड़ी मे सहनशीलता प्रदान करें। श्री शुक्ला ने यह भी कहा की दिल्ली से जब भी था तो नेता जी मिलने के लिय उनके आवास पर उनका कुशलक्षेम जरूरत लेने आता था।दु:ख प्रकट करने वालो मे नगर पूर्व सांसद निर्मल खत्री, रामदास वर्मा, अध्यक्ष तारिक रुदौलवी, मो तौक़ीर उर्फ़ अरबाज़, मो अनस, मो जैद, अनमोल शुक्ला, प्रमानन्द शुक्ला, आशीष शुक्ला, मुनीर खां,मुजतबा खां, अब्दुल हकीम,मो अबुबकर अध्यक्ष विधानसभा रुदौली यूथ कांग्रेस,शहाब अख्तर एडवोकेट, मो शमीम, फ़तेह खान,मास्टर मुमताज़ डॉ तौसीफ अहमद खां,रंजीत सिंह, रामदास वर्मा, सफ्फु भाई, कारिब करनी, राजेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट अब्दुल हई, मो अली,सहित समस्त कार्यकर्त्ता गण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई डूडा की बैठक

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में शासी निकाय समिति (डूडा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत ऑनलाइन प्रेषित किए आवेदनों के जांच एवं सत्यापन की स्थिति, मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत सूडा/शासन से स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा तथा मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत सूडा निदेशालय को प्रेषित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्य योजना के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत ऑनलाइन प्रेषित किए गए आवेदनों के सत्यापन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सभी संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मालिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत शासन से स्वीकृत निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में उनकी विशिष्टियों, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिया जाए सभी कार्यों की फिनिशिंग उच्च स्तर की हो। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों में टेंडर का कार्य प्रक्रियाधीन है अथवा अभी टेंडर नहीं हुआ है वहां पर नियमानुसार टेंडर का कार्य शीघ्र पूरा कराकर, कार्य आरम्भ कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मालिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत समस्त नगर निकायों से अधिक से अधिक कार्यों को कार्य योजना में शामिल कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को नगर निकायों से आईजीआरएस के माध्यम से आने वाली निर्माण कार्यों के मांग को भी नियमानुसार कार्य योजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉक्टर सदानंद गुप्ता, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही सभी उपजिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# अपराध का पहला प्लेटफार्म परिवार : राजेंद्र वर्मा

## पूरा बाजार ब्लाक सभागार में मनाई गई जयंती राजमाता अहिल्याबाई होलकर का 300 वा वर्षगांठ

**पूरा बाजार अयोध्या।** अपराध का पहला प्लेटफार्म परिवार है अभिभावक का पहला कर्तव्य है की बच्चों के गतिविधियों पर अपनी नजर रखें और छोटी अपराधों पर उन्हें प्रोत्साहित नहीं बल्कि अनुशासन रूपी छड़ी से उन्हें दंडित करने का कार्य करें इससे बच्चा आदर्श नागरिक बनेगा राष्ट के हाथ को आदर्श नागरिक मिलेगा यदि पहले अपराध पर ध्यान नहीं दिया गया और उन्हें उनके माता-पिता पोषित और पल्लवित किया तो वह अपराध ज्वालामुखी बनकर कभी छूटेगा और बच्चा अपराधी बन जाएगा शिक्षा रूपी आधारशिला परिवार समाज परिवेश हुआ पाठशाला है जिसमें बच्चों का भविष्य सुनिश्चित होता है अभिभावक आचार्य माता-पिता बच्चों के प्रतिभा को कुम्हार की तरह आकार देने का कार्य करता है यह बात नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया शाखा अयोध्या चूड़ामणि चौराहा निकट मुहावरा में संगठन द्वारा आयोजित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए व्यक्त किया और संगठन की गतिविधियों पर व्यापकता से प्रकाश डाला इस मौके पर जिला सचिव भोलेंद्र सिंह मीडिया इंचार्ज डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेज संजय तिवारी मंडल अध्यक्ष विजयपाल प्रदेश संगठन सचिव जितेंद्र पांडे संगठन सचिव सुनील कुमार दुबे जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह संगठन सचिव योगेश सिंह जिला उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र राजेंद्र वर्मा भोलेंद्र सिंह जिला महासचिव सहित पदाधिकारी और सदस्य नेवी संगठन के गतिविधियों और उसके उन्नयन पर रोशनी डाली संगठन का बैठक कार्यक्रम शाम 5. 00 बजे तक जारी रहा।

# तरुणमित्र

बुधवार, 28 मई 2025

संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 02


# अंग्रेजी का महत्व

*पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया, लेकिन इतना काफी नहीं था। नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं और आतंकवाद को लेकर उसकी बदली रणनीति से वाकिफ कराने व पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश करने के लिए भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस समय विभिन्न देशों की यात्रा पर निकला हुआ है। इन डेलिगेट्स को भारत का संदेश सटीक और साफ अंदाज में पूरे विश्व तक पहुंचाना है ताकि पाकिस्तान को प्रोपगेंडा का मौका न मिले। कूटनीति में हर शब्द मायने रखते हैं। यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि किस भाषा में बात रखी जा रही है। ऐसे में जब भारतीय प्रतिनिमंडल को दुनिया के हर कोने में जाना है, तब तो और भी अहम हो जाता है कि उनकी आपस की बातों में कोई टकराव या विरोधाभास न हो।*

*मेसेज इस तरह दिया जाए कि सभी उसे एक ही तरह से समझें और इसके लिए अंग्रेजी से बेहतर माध्यम कोई नहीं। अंग्रेजी का कमाल है कि यह सबसे ज्यादा बोली जाने वाली मातृभाषा नहीं है, इसके बाद भी यह दुनिया में सबसे अधिक बोली और समझी जाती है। लगभग 150 करोड़ लोगों ने अंग्रेजी को अपनाया हुआ है। यह इसकी सॉफ्ट पावर है, जिसने विभिन्न इलाकों, संस्कृतियों, कला और साहित्य को आपस में जोड़कर रखा है। अंग्रेजी का विस्तार व्यापक है। कम से कम 55 देशों की यह आधिकारिक भाषा है और 30 से ज्यादा मुल्कों में इसे दूसरी भाषा के रूप में सिखाया-पढ़ाया जाता है। इंग्लिश की यह रीच इसलिए, क्योंकि दुनियाभर का ज्ञान आज इस भाषा में मौजूद है। लगभग 98% साइंस पब्लिकेशन और इंटरनेट पर मौजूद 49% से अधिक कंटेंट अंग्रेजी में है। यानी, किसी भी नई रिसर्च से रूबरू होने और आगे बढ़ने के लिए यह भाषा आनी चाहिए। भारत इस मामले में खुद पर गुमान कर सकता है कि 2011 की जनगणना के मुताबिक उसकी लगभग 10% आबादी अंग्रेजी बोलती है। अगर उन्हें भी शामिल कर लिया जाए, जो अंग्रेजी बोल नहीं सकते, लेकिन पढ़ और समझ सकते हैं तो यह आंकड़ा दोगुना हो जाता है।*

*अंग्रेजी पर पकड़ रखने वाली इतनी बड़ी आबादी किसी और देश के पास नहीं। यह भाषा की ताकत है और इसी के बूते हिंदुस्तान के प्रफेशनल्स अमेरिका से लेकर यूरोप तक अपना दबदबा बनाए हुए हैं। भाषा संवाद का जरिया भर नहीं, पहचान भी है। लेकिन यह भी सच है कि किसी देश की पहचान केवल उसकी भाषा तक सिमटी नहीं होती। भारत को अपनी अधिक से अधिक आबादी को अंग्रेजी सिखाने पर जोर देना चाहिए और इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं होगा कि इससे भारतीयता कम हो जाएगी।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- अनुकूलता की स्थिति, राजनीतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, नवसम्पर्क उपयोगी, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, धनागम भी।

**वृषभ**- चिरवांछित कार्य प्रगति पर, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यावसाय की ओर रुझान, आनन्द की अनुभूति।

**मिथुन**- कठिनाइयों से अशांति, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कार्यक्षमता में कमी, धोखे की आशंका, उलझनें प्रभावी, आलस्य की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति, हानि भी।

**कर्क**- आर्थिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, आकस्मिक लाभ का सुयोग, नवसमाचार की प्राप्ति, निराशा का समापन, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुखशांति।

**सिंह**- व्यवसाय में विस्तार, योजना साकार होने की ओर, मनोवांछित सफलता, पारिवारिक सौहार्द, प्रेम सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, धर्म के प्रति आस्था।

**कन्या**- आशाएं फलीभूत, कार्यों में प्रगति का सिलसिला, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, भौतिक सुख के साधन उपलब्ध, परोपकार की भावना जागृत, संत समागम।

**तुला**- कार्यों में व्यवधान, भौतिक सुख में कमी, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, विरोधी हानि पहुँचाने की कोशिश में, किसी से विश्वासघात की आशंका, दुर्घटना संभव।

**वृश्चिक**- नवयोजना दृष्टिगत, अभिलाषा की पूर्ति का अवसर, आशानुकूल घटनाएं घटित, संतान पक्ष से चिन्ताएं कुछ कम, स्वयं का निर्णय हितकर, पठन-पाठन में रुचि।

**धनु**- आर्थिक पक्ष बेहतर, दूसरों के आश्वासनों से राहत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, सुख के आवश्यक साधन सुलभ।

**मकर**- आशा के अनुकूल घटना घटित, प्रियजनों-मित्रों से अपेक्षित सहयोग, कार्य-व्यापार में प्रगति, जटिल समस्याओं का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी।

**कुम्भ**- समय आशा के विपरीत, संकल्प विकल्प से सफलता में संदेह, व्यक्तिगत समस्याओं से परेशानी, कर्ज की अदायगी न होने से अशांति, शिक्षा-प्रतियोगिता में निराशा।

**मीन**- विचारित कार्यों में प्रगति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, वैवाहिक जीवन में मधुरता, भोग-विलासिता की ओर रुझान।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722


# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

*- रमेश सर्राफ धमोरा -*

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।

भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया: ।।

अर्थात: जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है। भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।

भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है।

इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। हले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है।

सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं।

रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा।

शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया। भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती है। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है। अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर, जज एडवोकेट जनरल ब्रांच, इंजीनियर कोर, सिगनल कोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर, इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं।

परमानेंट कमिशन के बाद महिला अधिकारी इंडियन आर्मी के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल आर्टिलरी का हिस्सा बनने लगी है। सेना आर्टिलरी की लगभग 300 रेजिमेंट और लगभग 5,000 अधिकारी हैं। आर्टिलरी में शामिल महिला अधिकारियों की बोफोर्स, होवित्जर, के-9 वज्र जैसी तोपों पर भी 2023 में तैनाती की अनुमति दी जा चुकी है। वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी। इसके जरिए महिलाओं को हथियारों व अन्य सेवाओं में समान अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

**( लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। )**

# ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी चुनौती, इससे नदियां अनियंत्रित

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है। देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है।

इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की है। शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है। देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 लोग प्रतिवर्ष जीवन काल से काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे। ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा।

जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों में बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने, महानगर बने, मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है।

हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम, थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है, जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना, पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे। विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 140 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009415415**

## चंदौली

# मुगलसराय में रात दस बजे के बाद भी धड़ल्ले से शराब की बिक्री

## शराब के बन्द शटर के पीछे चल रहा बिक्री का खेल

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** योगी को सरकार के सख्त निर्देशों और आबकारी विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मुगलसराय में रात 10 बजे के बाद भी शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है।

ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवे गेट नंबर एक के पास मौजूद कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान का है, जहां आधा शटर खोलकर रात में शराब बेची जा रही है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे हड़कंप मच गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दुकान का आधा शटर गिरा हुआ है

और अंदर से शराब की बिक्री जारी है। जबकि सरकारी नियमों के अनुसार शराब की दुकानों को रात 10 बजे के बाद बंद कर देना अनिवार्य है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि यह दुकान न सिर्फ तय समय के बाद भी खुलती है, बल्कि यहां से बिहार तक शराब की अवैध आपूर्ति भी की जाती है।

यह मामला अंतरराज्यीय तस्करी की ओर भी इशारा करता है। प्रशासन और आबकारी विभाग की भूमिका पर सवाल उठते हुए स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारी आंख मूंदकर इस अवैध गतिविधि को अनदेखा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाए जाने के बावजूद इस तरह की घटनाएं शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इस मामले में तत्काल जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

## मंटुन यादव हत्याकांड में बड़ी गिरफ्तारी

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले की धानापुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 25 हजार रुपये के इनामी और कुख्यात हत्यारोपी अखिलेश सिंह को पुलिस ने आज उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी पर 1 मई 2025 को हुई बस मालिक मंटुन यादव की सरेआम गोली मारकर हत्या का आरोप है, और वह तभी से फरार चल रहा था। चंदौली जिले के धानापुर क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई थी जब बस व्यवसायी मंटुन यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह वारदात क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई थी और व्यापारी वर्ग में दहशत फैल गई थी।

## चन्दौली पुलिस की सतर्क पहल

**तरूणमित्र न्यूज**

**चन्दौली।** जनपद चन्दौली में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सघन अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें के नेतृत्व में तथा क्षेत्राधिकारी नौगढ़ श्री आशुतोष के पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों ने बैंकों, बाजारों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और सर्राफा बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने बैंक, पोस्ट ऑफिस, ग्राहक सेवा केंद्रों समेत प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली की जांच की और शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। अभियान के अंतर्गत संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की जांच की गई।

बिना नंबर प्लेट व फर्जी नंबर प्लेट लगे वाहनों को रोककर पूछताछ की गई तथा प्रमुख चौराहों पर बैरियर लगाकर चेकिंग की कार्रवाई की गई। बैंक ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। वहीं, बैंक परिसर में बेवजह बैठे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उन्हें बाहर किया गया।

## मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र में नाबालिक से की दरिंदगी

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जनपद के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दाना भुजाने के लिए गई नाबालिक युवती के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा जबरदस्ती दुराचार करने का मामला प्रकाश में आया है, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने रेप सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार भी कर लिया।

आपको बता दें कि चंदौली जनपद के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दाना भुजाने गई एक 15 वर्षीय युवती के साथ गांव का ही धवल कुमार नामक 22 वर्षीय युवक ने जबरदस्ती एक सुनसान घर में ले जाकर दुराचार किया। मामले की शिकायत जब युवती ने परिजनों से किया तो मामला तूल पकड़ लिया। तत्काल घटना की

जानकारी मुगलसराय पुलिस को दी गई।

पुलिस पीड़िता के तहरीर के आधार पर दुराचार व पॉक्सो एक्ट सहित मुकदमा दर्ज करते हुए त्वरित कार्यवाही में अभियुक्त धवल कुमार को गिरफ्तार करते हुए, निहित धारों में जेल भेजने की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मुगलसराय थाना अध्यक्ष गगन राज सिंह ने बताया कि एक दुराचार का मामला प्रकाश में आया था जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा लिखकर आरोपी युवक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

## पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**तरूणमित्र न्यूज**

**चन्दौली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए चलाई जा रही 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं को नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी तकनीकी दक्षता और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सके। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रत्नेश सिंह ने जानकारी दी कि यह योजना उत्तर प्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-6/2018 के अनुसार संचालित की जा रही है। इसके तहत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त संस्थाओं को आवेदन करने का अवसर दिया गया है।

आवेदन की अंतिम तिथि- 2 जून 2025- चन्दौली जनपद में संचालित और नीलिट से मान्यता प्राप्त इच्छुक संस्थाएं 13 मई से 2 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइटों —

backwardwelfareup.in

obccomputertraining.upsdc.gov.in

पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात उसकी प्रिंट कॉपी सभी संलग्न दस्तावेजों के साथ 27 मई 2025 की सायं 5:00 बजे तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, चन्दौली के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण की अवधि और मानदेय चयनित संस्थाओं को योजना के तहत चयनित छात्रों को दो प्रकार के कोर्स कराने होंगे- 'O' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण (1 वर्ष)- प्रति छात्र 15,000/- सीसीसी प्रशिक्षण (3 माह)- प्रति छात्र 3,500/- यह पूरी प्रक्रिया सरकार द्वारा वित्तपोषित होगी, जिससे छात्रों को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। चयन प्रक्रिया- दिनांक 22 मई से 4 जून 2025 तक संस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके उपरांत 13 जून 2025 तक निदेशालय स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा और चयनित संस्थाओं की सूची वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी जाएगी।

उद्देश्य- तकनीकी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता- इस योजना का मुख्य उद्देश्य पिछड़े वर्ग के युवाओं को तकनीकी ज्ञान से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कंप्यूटर की बेसिक और एडवांस शिक्षा उन्हें सरकारी, निजी और स्व-रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने में सहायक होगी।

# रास्ता अवरुद्ध, दुर्घटना की आशंका, पीडब्ल्यूडी प्लांट बना मुसीबत, प्रशासन मौन

**तरूणमित्र न्यूज**

**चन्दौली।** चकिया-मुगलसराय मार्ग के गौड़ीहार से मवैया के बीच का हिस्सा इन दिनों भारी अव्यवस्था का शिकार है। बबुरी थाना क्षेत्र में पड़ने वाले इस हिस्से में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए गए स्टोरिंग प्लांट और धर्मकांटा के कारण गिट्टी और बालू से लदे ट्रक दिनभर खड़े रहते हैं। नतीजा-करीब 500 मीटर तक सड़क अवरुद्ध हो जाती है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**दिन भर खड़ी रहती हैं गाड़ियाँ, वन-वे जाम से राहगीर हलाकान-** स्थानीय लोगों के अनुसार, क्क्ष्ठ द्वारा गिट्टी भंडारण के लिए बनाए गए स्टोर में दूर-दराज़ से गिट्टी लेकर ट्रक आते हैं। इन्हें तौलने के लिए धर्मकांटे पर लंबी कतारों में खड़ा किया जाता है। अपने नंबर का इंतजार करते ट्रक चालक सड़क किनारे गाड़ियों को खड़ी कर देते हैं, जिससे मार्ग वन-वे हो जाता है। परिणामस्वरूप इस व्यस्त मार्ग पर ट्रैफिक जाम आम हो गया है।

**रेल यात्रियों को गाड़ी छूटने का डर, स्कूली बच्चों की भी परेशानी-

# वसुधैव कुटुम्बकम् भारत को पूरे विश्व को दिया हुआ एक अमूल्य उपहार है :डाक्टर जे0 पी0सिंह

सुलतानपुर । सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद नगर सुलतानपुर के प्रांगण में विद्या भारती से सम्बद्ध, भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश, काशी प्रान्त के दस दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग 2025 का शुभारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत, सम्मान के पश्चात् प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए अरविन्द सोसायटी की राष्ट्रीय कोर समिति के सदस्य , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुलतानपुर विभाग के कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर जे पी सिंह ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् भारत का पूरे विश्व को दिया हुआ एक अमूल्य उपहार है। जहाँ पश्चिम के देशों के लिए विश्व एक बाजार है, वह हानि लाभ को ध्यान में रखकर कोई कार्य करते हैं,। वहीं भारत हानिलालाभ नहीं अपितु, प्रेम का पोषक राष्ट है, जो हमें हिन्दू धर्म, सनातन एवं वैदिक संस्कृति का बोध कराता है। हमारी शिक्षा भी इसी आध्यात्मिक भावना पर आधारित है। विद्या भारती शिक्षा देने के साथ ही छात्रों को संस्कार देकर आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख करती है। प्रधानाचार्य माता- पिता की तरह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य के दायित्व को निभाने के लिए मानसिक, प्राणिक एवं आध्यात्मिक रूप में सक्षम होना चाहिए, यह अपने आप में एक बहुत बड़ी तपस्या है, जो मात्र डिग्री से सम्भव नहीं है। परिवार की भांति विद्यालय भी सामंजस्य की अपेक्षा रखता है। श्रीमद्भगवद्गीता में सामंजस्य के तीन मंत्र दिए गए हैं। ज्ञान, बुद्धि और धैर्य। प्रामाणिक ज्ञान के माध्यम से अपनी बुद्धि का प्रयोग करके विद्यालय और समाज में समन्वय के लिए लोगों के मनोभावों को समझकर कार्य को आगे बढाना चाहिए। इसके साथ ही जीवन में प्रसन्नता के साथ समस्याएं भी आती हैं, ऐसी स्थिति में धैर्य नहीं खोना

चाहिए। यही सफलता का मूल मंत्र है। स्वसुख की व्यस्तता आपको संत्रस्त करती है, इसलिए वैयक्तिक स्वार्थ को छोड़कर निस्वार्थता की ओर कदम बढाने की जरूरत है। किसी के प्रति राग- द्वेष न रखकर सदैव संस्थान हित सर्वोपरि मानना चाहिए। कर्म को करते हुए हम कैसे उसे साधना में परिवर्तित कर दें, यह एक व्यावहारिक पद्धति है। कभी भी परिस्थितियों को दोष दिए बिना उन्हें सामंजस्य पूर्वक अनुकूल बनाते हुए पूर्णता की ओर बढना चाहिए। हम अपने कार्य को लाभ का हेतु नहीं,अपितु, ईश्वरीय कार्य मानकर करते हैं। प्रशासनिक व्यवस्था में समस्याएं होती हैं, अत: थोड़ा डिप्लोमैटिक भी होना चाहिए व्यक्तित्व के विकास के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्य में क्रमबद्धता जरुरी है। क्रमबद्धता ही वन को उपवन में परिवर्तित करने की सामर्थ्य रखती है। वैयक्तिक अनुशासन जीवन की बहुत बड़ी साधना है। उसके आने पर जीवन की सभी समस्याएं स्वत: समाप्त हो जाती हैं। हमारे कार्यों की प्रशंसा के बीच हमारे व्यवहार में अहं का प्रवेश नहीं होना चाहिए। यदि समाज में हमारे अच्छे होने की स्वीकृति का भाव आ जाय तो स्वयं में सुधार की संभावनाओं का निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए। अत: हम अपने लिए नहीं समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करें।हममें प्रगति करने की अन्तहीन पिपासा होनी चाहिए। अगर हमने सीमित संसाधनों के बलबूते छात्रों में असीमित सुधार करने में सफलता पाई तो यह हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। उद्घाटन सत्र में वर्ग के वर्गपालक श्री कंचन सिंह अध्यक्ष भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश, प्रदेश निरीक्षण श्रीमान् शेषधर द्विवेदी जी एवं काशी प्रान्त विद्याभारती के सभी प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। आज हुए अतिथियों का परिचय श्री बांकेबिहारी पाण्डेय प्रधानाचार्य रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या मन्दिर प्रयागराज ने कराया। तथा आगन्तुक अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान प्रधानाचार्य श्री राकेश मणि त्रिपाठी सरस्वती विद्या मन्दिर विवेकानंद नगर के द्वारा किया गया। वर्ग संयोजक श्रीमान् सुमन्त पाण्डेय एवं बौद्धिक प्रमुख श्री इन्द्रजीत त्रिपाठी की देख-रेख में वर्ग संचालित होना है।

# गोमांस तस्करी के नाम पर माब लिंचिंग निंदनीय : एआईपीएफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में हाल में गोमांस तस्करी के नाम पर चार मुसलमान युवकों की की गई माब लिंचिंग निंदनीय है। यह बात आज आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. आर. दारापुरी द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में कही गई है। इसमें आगे कहा गया है कि यह घटना उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के अपराध नियंत्रण तथा उत्तम सुरक्षा व्यवस्था के दावों की जगह प्रदेश में व्यापक अपराध एवं अराजकता की स्थिति की भी प्रतीक है। यह साफ दिखाता है कि प्रदेश में कानून का राज नहीं रह गया है और अपराधियों व असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है।यह उल्लेखनीय है कि माब लिंचिंग को रोकने के लिए सुप्रीमकोर्ट द्वारा तहसीन पूनावाला- 2018 केस में सभी राज्यों को विशेष व्यवस्था करने, इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों को उत्तरदायी ठहराने तथा दंडित करने हेतु कहा गया है। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश में माब लिंचिंग की घटनाएं बराबर हो रही हैं। इन घटनाओं में बजरंग दल, हिन्दू युवा वाहिनी तथा गोरक्षा के नाम पर बने निजी संगठन गोमांस तस्करी के नाम पर बराबर माब लिन्चिंग कर रहे हैं। यह इन्हें सरकार व प्रशासन का सहयोग तथा उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाही के अभाव को भी दिखाता है।अत: एआईपीएफ उत्तर प्रदेश सरकार से माब लिन्चिंग की घटनाओं में लिप्त संगठनों तथा अलीगढ़ माब लिंचिंग के अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने, मार खाए सभी युवकों का समुचित इलाज कराने तथा उन्हें मुआवजा देने, सांप्रदायिक दंगों की तरह माब लिंचिंग में भी संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक तथा जिलाधिकारी को जिम्मेदार ठहराने और प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने की मांग करता है।

# महिला कांस्टेबल ने फांसी लगाई,फंदे से लटका मिला शव

लखनऊ। राजधानी में एक महिला सिपाही ने संदिग्ध परिस्थिति में सुसाइड कर लिया। यह महिला कई साल से गाजीपुर थाना क्षेत्र के ए ब्लाक में किराए का घर लेकर रह रही थी।मंगलवार की सुबह उसका शव फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृत कांस्टेबल की पहचान अमरोहा की रहने वाली ऋतु (27) के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक इसी मकान में महिला दरोगा गीता भी रहती है। मंगलवार की सुबह उसने कांस्टेबल ऋतु के घर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन न तो दरवाजा खुला और न ही अंदर से कोई जवाब मिला। इससे गीता को शक हुआ और उसने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से दरवाजा खुलवाया। इसके बाद अंदर देखा तो ऋतु का शव फंदे से लटका हुआ था।पुलिस ने आनन फानन में मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में ही शव का पंचनामा कराया गया।इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक घटना के संबंध में ऋतु के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।उनके आने पर शव का पोस्टमार्टम होगा। प्राथमिक जांच में पता चला है कि कांस्टेबल ऋतु मड़ियांव थाने में पैरोकार के पद पर तैनात थी। उसने काफी लंबे समय तक गाज़ीपुर थाने में भी सेवा दिया है। इसी वजह से वह गाजीपुर में घर भी किराए पर लेकर रह रही थी।पुलिस के मुताबिक शव की ठीक तरह से जांच कराई गई है। पास पड़ोस के लोगों के अलावा उसके थाने में भी जांच पड़ताल की गई है। हालांकि अभी तक इस घटना की कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है।अब पुलिस मामले की जांच में आगे बढ़ने से पहले परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। पुलिस का बयान दर्ज करने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही इस मामले की जांच आगे बढ़ाएगी।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण व मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजनाओं की समीक्षा बैठक

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। इसी क्रम में सरकार ने अधिकारियों को भारत सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तिकरण (एडिप) योजना के तहत प्रत्येक जनपद में पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरण समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से उपलब्ध हों, ताकि वे आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों हेतु 37.40 करोड़ रुपये और मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण के लिए 2 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने योगी सरकार और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

को एलिम्को के सहयोग से समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि आवंटित बजट का पूरा लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। मंत्री ने अर्जुन पोर्टल पर मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लाभार्थियों की सूची का सटीक और अद्यतन विवरण तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने डुप्लीकेसी रोकने और वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए पोर्टल की जानकारी को नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई पात्र लाभार्थी छूट न जाए और सूची को अंतिम रूप देने से पहले पुन: सत्यापन किया जाए।नरेंद्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए वितरण प्रक्रिया को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल दिव्यांगजन को वितरित की गई है। अब इस पहल को और विस्तार देकर मांग और पात्रता के आधार पर सभी जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने की योजना है।बैठक में प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा, एमडी प्रवीण कुमार, जनरल मैनेजर विवेक द्विवेदी (एलिम्को), सहायक प्रबंधक पंकज द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारत सरकार के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में नहीं थम रहा डीएनए विवाद,अखिलेश के खिलाफ पोस्टर पर भड़क उठे सपाई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता फखरूल हसन चांद ने बीजेपी की तरफ से अखिलेश यादव के संबंध में लगाए गए पोस्टर पर मंगलवार को आपत्ति जताई और कहा कि हम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले भी जब बीजेपी ने ऐसे पोस्टर लगाए थे, तो अखिलेश यादव ने दोनों पक्षों (बीजेपी और सपा) से अपील की थी कि इस तरह के पोस्टर नहीं लगाए जाने चाहिए।उन्होंने पोस्टर में अखिलेश यादव के संबंध में इस्तेमाल किए गए शब्दों को निंदनीय बताया। कहा कि एक सभ्य समाज में इस तरह की भाषा को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हम इस मामले को लेकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। ये पोस्टर राजधानी लखनऊ में लगाए गए हैं। इसमें अखिलेश यादव के संबंध में लिखा गया था कि जो लोग बृजेश पाठक का डीएनए पूछ रहे हैं, उन्होंने अपने पिता को पार्टी से निकाल दिया। अपने पिता को घर से बेदखल कर दिया। उनके डीएनए में जरूर खोट है, इसलिए उन्होंने अपने पिता से पिता जैसा व्यवहार नहीं किया। इसी को लेकर सपा नेता फखरूल हसन चांद ने ये बातें कही हैं।बीजेपी ने यह पोस्टर समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया सेल की तरफ से उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के डीएनए के संबंध में विवादित टिप्पणी किए जाने के बाद लगाया था। समाजवादी सोशल मीडिया सेल की तरफ से की गई टिप्पणी पर बीजेपी ने आपत्ति जताई थी और बड़े पैमाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का पुतला तक फूंका था।बाद में इस पूरे मामले को लेकर बृजेश पाठक ने एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी।

# निकाय कार्यो की समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बहराइच । निकाय कार्यो की समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुई जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नगर क्षेत्र में कूड़ा प्रबन्धन, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश, निराश्रित गौवंशो का प्रबन्धन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा निकायों द्वारा कराये जा रहे अन्य कार्यो इत्यादि की समीक्षा करते हुए उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के निकायों में साप्ताहिक रूप से निकायों का औचक निरीक्षण कर कूड़ा प्रबन्धन, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश, निराश्रित गौवंशो का प्रबन्धन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी इत्यादि कार्यो का जायजा लेकर आख्या उपलब्ध कराये। सालिड बेस्ड मैनेजमेन्ट की समीक्षा करते हुए डीएम ने निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूखा व गीला कूड़ा एकत्रीकरण की कार्यवाही शासन के मंशानुसार सुनिश्चित कराया जाय।सिंगल यूज प्लास्टिक की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिशाषी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि के प्रतिबंध को कड़ाई के लागू की जाय।

इसके लिए प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय। प्रयोग करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार अर्थदण्ड इत्यादि की कार्रवाई की

जाय। इसके अलावा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निकाय क्षेत्रों में कही भी जलभराव की समस्या न होने पाये। यदि कहीं पर जलभराव की समस्या की शिकायत प्राप्त होती है तो उसपर तत्परता से कार्रवाई करते हुए जल निकासी की व्यवस्था की जाय। नगर क्षेत्र सहित नाले-नालियों की समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ एण्टीलार्वा का छिड़काव किया जाय। ताकि संक्रामक रोगों का प्रभावी अंकुश लगाया जाय। उन्होने सचेत किया कि किसी निकाय में संक्रामक रोग फैलने की समस्या संज्ञान में आती है तो सम्बन्धित ईओ के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाय। डीएम ने वंदन योजना, आकांक्षी नगर योजना मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना व मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी कार्यों का पर्यवेक्षण कर निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करायें।

डीएम ने पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि 07 दिवस के अन्दर शासन को शासन को जाने वाले समस्त प्रस्ताव भेज दिये जायें। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आरक्षण के नाम पर भोले-भाले पिछड़ों को गुमराह कर कब तक वोट लेती रहेगी भाजपा : श्यामलाल

सुलतानपुर। विकासखण्ड करौंदीकलां क्षेत्र के निषाद बस्ती, सकरदे में 22 जून 2025 को आयोजित मोस्ट प्रांतीय सम्मेलन की तैयारी के अनुक्रम में मोस्ट जागरूकता मीटिंग की गई।कार्यक्रम के आयोजक हरिलाल निषाद (मिस्त्री) तथा संरक्षक पूर्व प्रधान राम सतन निषाद रहे । उक्त अवसर पर मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल गुरूजी ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी बताएं कि पिछड़ी जातियों के भोले-भालों को आरक्षण के नाम पर गुमराह कर कब तक छला जाता रहेगा! क्योंकि पिछले एक दशक से देख रहा हूं कि जब-जब चुनाव आता है तब-तब आरक्षण देने की सुगबुगाहट शुरू हो जाती है, कभी-कभी तो नेता लोग यहां तक कहते हैं कि चुनाव आचार संहिता के कारण आरक्षण रुक गया है लेकिन वोट लेने के बाद फिर अगला चुनाव नजदीक आने पर वही प्रक्रिया दोहराई जाती है। उक्त अवसर पर मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, प्रधान कमलेश निषाद, हेमन्त नाविक, सुगई निषाद, सुरेश निषाद, मुन्ना निषाद, जियालाल निषाद, गोवर्धन निषाद, बरसाती निषाद, मोहन निषाद, खेमई निषाद, बजरंग निषाद, रतीलाल निषाद, राजेन्द्र निषाद, मालती निषाद, अमरावती निषाद, रीता निषाद, अमरावती निषाद, नन्हे निषाद, राम आसरे निषाद, विनोद निषाद, रामधारी निषाद, अशोक निषाद, डल्लू निषाद, अखिलेश निषाद, अरुण निषाद, अमित निषाद, देवमणि निषाद, नोहर निषाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# तीसरे मंगलवार को क्षेत्र में जगह-जगह भंडारों की धूम

सिद्धौर बाराबंकी। जेष्ठ महीने के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र में जगह-जगह भंडारों की धूम रही, हनुमत जयकारों के बीच बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ समाजसेवियों ने हनुमत प्रसाद वितरण किया । सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के हाजीपुर में प्रधान अमर बहादुर वर्मा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जहां व्यवस्थाओं को व्यवस्थित व देखभाल करने में सूरज वर्मा ,एडवोकेट दिवाकर सिन्हा, संतोष कुमार, सचिन कुमार आदि ,व सुसवाई गांव में चंद्रेश कुमार रावत, आदि द्वारा स्टाल लगाकर हनुमत प्रसाद का वितरण किया गया।इसी तरह कस्बा सिद्धौर , भिटौरा लखन चौराहा सहित ग्रामीण अंचलों में समाज सेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया

गया। जिसमें कहीं छोला चावल, सर्बत, बूंदी , पूड़ी सब्जी आदि का वितरण किया गया।टेंडवा में फूलचंद,सूरज ,राहुल आदि द्वारा आयोजित किए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर लोगों ने खूब आनंद लिया।

और राम हनुमान आदि के जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहा।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को नि:शुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसीकम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 02 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। इच्छुक प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे का विवरण उक्त वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्डकापी विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

# कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर विधानसभा के महादेवन, गोशैसिंहपुर बाजार में रविवार को कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह ने करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह रैली एक ग़लत मानसिकता की उपज है, जिसे जनता पूरी तरह खारिज कर देगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को जनता ने जिस प्रकार से नकार दिया उसी तरह इस तथाकथित संविधान बचाओ रैली का भी कोई असर नहीं होने वाला। अब कांग्रेस के पास कोई ठोस मुद्दा बचा नहीं है, इसलिए वह जनता को गुमराह करने में लगी है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में सैकड़ों बार संविधान में बदलाव कर उसे निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया है। अब जब जनता इन सब तथ्यों को भलीभांति समझ चुकी है, तो कांग्रेस भ्रम फैलाकर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस प्रकार की रैलियों के माध्यम से जनता का ध्यान असल मुद्दों से भटकाना चाहती है। संविधान बचाओ का नारा महज़ एक ढोंग है, जिसकी आड़ में कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण, अस्थिरता और देश में अविश्वास फैलाने की कोशिश कर रही है। वर्तमान समय में कांग्रेस पूरी तरह से हताश और निराश हो चुकी है। जिस प्रकार से राहुल गांधी की यात्राएं, कन्हैया कुमार की पदयात्रा और खड़गे की सभाएं फ्लॉप साबित हुईं, उसी तरह यह रैली भी जनता द्वारा नकार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के नागरिकों को संविधान की जानकारी देने और उन्हें जागरूक करने का कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस के नेता चुनाव में जनता को गुमराह करने के लिए एक खाली लाल डायरी दिखाने जैसे हथकंडे अपना रहे हैं। देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह कांग्रेस के किसी भी प्रपंच में आने वाली नहीं है।

# जिलाधिकारी ने किया तहसील का निरीक्षण

बहराइच । प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देशानुसार राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ जनशिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक निस्तारण, तहसील आने वाले फरियादियों की सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसूचना प्रार्थना पत्रों की शिकायत, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का दर्ज रजिस्टर तथा जनसुविधा केन्द्र सचांलित किये जाने की स्थिति का जायजा लिया। शिकायतों की समीक्षा के दौरान भौखारा (मटेरा खास) में तैनात लेखपाल नवीउद्दीन के स्तर पर अंश निर्धारण सहित अन्य प्रार्थना-पत्र लम्बित पाये जाने पर डीएम ने सम्बन्धित को मुख्यालय से सम्बद्ध किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कानूनगो व लेखपाल से ग्रामवार प्राप्त प्रार्थना-पत्रों एवं उनके निस्तारण की जानकारी लेते हुए फैमिली आईडी की कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्रगति में सुधार लाया जाय। डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी जन सुविधा केन्द्र अपने निर्धारित स्थलों से ही संचालित हों और उन्हें अधिकृत व्यक्ति ही चलायें। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि तहसील अन्तर्गत संचालित जनसुविधा केन्द्रों का सत्यापन करा लिया जाय। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की पत्रावलियों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि पत्रावलियों को समय से निस्तारित किया जाय। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, तहसीलदार (न्यायिक) व नायब तहसीलदार न्यायालयों की फाइलों का अवलोकन करते हुए न्यायालयों में प्रचलित/निस्तारित वादों से सम्बन्धित पत्रावलियों में दाखिला, नोटिस निर्गमन, तामीला, राजस्व निरीक्षकों व लेखपाल की आख्या प्रस्तुत करने की समयबद्धत्ता इत्यादि का जायज़ा लिया तथा सम्बन्धित पत्रावलियां व रजिस्टर आदि के साथ जनसुनवाई रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। डीएम ने राजस्व संहिता की धारा 34, 67, 24, 116, 33, विशेषकर धारा 34, 116 व 24 से सम्बन्धित राजस्व वादों की पत्रावलियों का गहन निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि समय सीमा उपरान्त सभी वादों का निस्तारण कर दिया जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील पहुंचने पर डीएम ने जहां प्रशासनिक कारगुज़ारियों का जायज़ा लिया वहीं मौजूद फरियादियों को भी निराश नहीं किया। अपने बीच जिलाधिकारी को पाकर बड़ी संख्या में फरियादी इकटठा हो गये। डीएम ने एक-एक कर सभी फरियोदियों की समस्याओं की सुनवाई की तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये।

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी सदर महोदय सुलतानपुर

सा वा संख्या- D202504680002343

तारीख पेशी - 08/06/2025

धनराज आदि बनाम प्रेमप्रकाश आदि

बनाम - 1 प्रेमप्रकाश सुत बरसाती 2 गोविंद प्रसाद सुत छोटेलाल 3 रामपती पत्नी छोटेलाल निवासीगण सिविल लाइन हथियानाला परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर 4 मिथिलेश कुमार सिंह सुत राजाराम सिंह निवासी हमजाबाद तहसील जयसिंह पुर परगना बरौसा सुलतानपुर 5 राजेश कुमार सुत हरिश्चंद्र सिंह निवासी नवीपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर सुलतानपुर 6 उ प्र राज्य द्वारा जिलाधिकारी महोदय सुलतानपुर 7 अध्यक्ष/ अधिशाषी अधिकारी महोदय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 06 के 08 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# प्रेस क्लब में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की 38वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**अयोध्या।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की 38वी , पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में जिला अध्यक्ष देव बक्श वर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई जिसमें नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, अयोध्या के महंत संजय दास , राष्ट्रीय अध्यक्ष संकट मोचन, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंहर,मंत्री के एस मिश्रा, तहसील अध्यक्ष रुदौली रवि प्रकाश गुप्ता, तहसील अध्यक्ष मिल्कीपुर हृदय राम मिश्र, तहसील अध्यक्ष बीकापुर अशोक कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य, बाराबंकी जनपद के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार गिरी, वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश प्रताप सिंह, के बी पाठक, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मंत्री जयप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो चीफ विमलेश तिवारी, उग्रसेन मिश्रा, नवभारत टाइम्स के ब्यूरो बीएन दास, प्रेस क्लब के संरक्षक हरि कृष्ण अरोड़ा, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगो द्वारा बाबू बालेश्वर लाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर सत सत नमन किया गया जिला अध्यक्ष देव बॉक्स वर्मा द्वारा बताया गया कि बाबू बालेश्वर लाल जी ऐसे लाल थे जिन्होंने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपी बट वृक्ष को लगाया है जिसकी शाखा आज उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे भारत में फैल रही है और आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का डंका पूरे देश में बज रहा है ऐसे महापुरुष को शत-शत नमन प्रणाम करता हूं।

# लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी : देवेंद्र

## पुलिस ने किया गश्त, कराया सुरक्षा का एहसास



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** बसखारी थाना सभागार में शांति समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने की, जिसमें प्रशासनिक अफसरों के साथ-साथ नगर के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। बैठक में सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या ने नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए कि बकरीद पर्व से पहले नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की एक अलग टीम बनाकर उनका मोबाइल नंबर सूचीबद्ध किया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनसे तुरंत संपर्क किया जा सके। क्षेत्राधिकारी सिटी देवेंद्र मोर्या प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के बाद उत्पन्न मलबे को केवल निर्धारित स्थलों पर ही निस्तारित किया जाए। उन्होंने सख्ती से कहा कि किसी भी स्थिति में सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न की जाए। यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो नागरिक तत्काल प्रशासन को सूचित करें।

बैठक में प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह चौकी प्रभारी किछौछा कमलेश यादव उपनिरीक्षक प्रेम सिंह उप निरीक्षक ओंकार पटेल समेत उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिपाही बृजेश सिंह यदव दीवानमुंशी कई शांति समिति सदस्य एवं समाजसेवी प्रधान बीडीसी व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की

इसी क्रम में देर शाम बसखारी थाना क्षेत्र में कस्बा बाजार में प्रभारी निरीक्षक सन्त कुमार सिंह अपनी टीम के साथ बसखारी कस्बा बाजार में साथ पुलिस टीम के साथ आगामी बकरीद त्योहार को लेकर त्यौहार को शांति पूर्वक करवाने के लिए पैदल गश्त कर भ्रमण कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया की बसखारी पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने लोगों से की गई अपील की शांति पूर्वक बकरीद का त्यौहार मनाएंगे त्यौहार में हुड़दंग न हो वरना होगी कड़ी कार्रवाई वही प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार ने कस्बा चौराहा पर जहां मौजूद लोगों का हाल-चाल पूछा यदि किसी को समस्या हो तो तत्काल हमको अवगत कराएंगे या अपने थाने के प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह को यह हल्का प्रभारी को वही प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने जहां मौजूद लोगों से कहा कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति दिखाई पड़ता है तत्काल हमको प्रभारी निरीक्षक सन्त कुमार सिंह को सूचना दें इस मौके पर उप निरीक्षक प्रेम सिंह हमराही का. अमित चौरसिया,का.बृजेश सिंह यादव हेड कांस्टेबल आदि पुलिसकर्मी सिपाही मौजूद थे।

# मौत और हयात अल्लाह के नियंत्रण में है : अब्बास रिजवी

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जनपद अंबेडकर नगर के जलालपुर के मदरसा इमामिया जाफरिया जाफराबाद के पुराने छात्रों की तरफ से दिवंगत सहपाठियों की स्मृति में नगर के जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैयद नामदार अब्बास रिजवी ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति सर्वोपरि है। मौत और हयात अल्लाह के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व हर दौर में रहा है। मोहम्मद साहब ने कहा कि मैं शहर - ए- इल्म हूं। और अली उसके दरवाजा हैं। उन्होंने हज़रत अली को इल्म का पैकर बताते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन के लिए वरदान है । मौलाना ने मजलिस के अंत में हज़रत अली अकबर के मसाएब बयान किया तो मोमनीन अशक बार हो रहा। मजलिस से पूर्व अंसर जलालपूरी ने पेश ख्वानी किया। सुरूर व उनके हमनवां ने मर्सिया ख्वानी पेश किया। मजलिस में मौलाना मेहदी हसन, मौलाना अकबर अली, मौलाना रईस हैदर, मौलाना कर्रार हुसैन तुराबी, मौलाना जैगम अब्बास बाकरी,मौलाना मीसम रज़ा, इब्ने अली जाफरी,अकबर एजाज, मौलाना रमजान अली मास्टर शरीफ अहमद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद अब्दुल्ला ने बताया विगत माह मोमिन हसन,हैदर मेंहदी, मेजबान असगर, फात्मा जहरा पुत्री नज़र अब्बास, फात्मा जहरा पुत्री कल्बे हसन कम उम्र में ही दुनिया को अलविदा कह दिया था। ऐसे में यह मजलिस दिवंगत सहपाठियों के ईसाल -ए-सवाब के लिए आयोजित की गई। मास्टर कुमैल अब्बास ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में अली हेलाल, मोहम्मद अकबर, नदीम, जाहिद, तुफैल, मोहम्मद मेंहदी मोहम्मद फैजान, मोहम्मद हानी, मोहम्मद फैजी एडवोकेट, आदि सक्रीय रहे।

## हल्के बादल छाए रहने की संभावना

**अयोध्या।** आ0न0दे0 कृषि एवं प्रौ0वि0वि0, कुमारगंज अयोध्या के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने के साथ-साथ कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होने की संभावना है। श्री मिश्र के अनुसार मंगलवार का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री जो सामान्य से 3.5 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री यह सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 84 व न्यूनतम 56 प्रतिशत रही। 6.9 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पूर्वी दिशा से हवाएं चली।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का लिया जायजा

**अयोध्या।** जनपद में फ़ाइलेरिया रोग के उन्मूलन की स्थिति जानने के लिए चलाए जा रहे ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे गतिविधि का पर्यवेक्षण आज नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम ( भारत सरकार) दिल्ली की संयुक्त निदेशक डॉ रिंकू शर्मा व श्री जय राम द्वारा किया गया।

साथ मे डब्लू एच् ओ के डॉ तनुज, डॉ नित्यानन्द व पाथ के डॉ सिद्धार्थ रहे।पूराबाजार व बीकापुर क्षेत्र निरीक्षण के बाद फ़ाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी कार्यालय में डी के श्रीवास्तव फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी के साथ कार्यक्रम की तकनीकी जानकारी और वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी रोकथाम के लिए विचार विमर्श किया गया।

रात्रि रक्त पट्टिकाओं की जांच भी देखी गई। फाइलेरिया निरीक्षक दीपक तिवारी, अंकित राणा, लैब टेक्नीशियन दुर्गेश चंद आदि उपस्थित रहे।

# जेठ के तीसरे मंगल पर जगह-जगह हुआ भण्डारे का आयोजन

**अयोध्या।** आज समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने पूर्व वर्ष की बात इस वर्ष भी ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार को एक भव्य भंडारे का आयोजन किया इस मौके पर जानकी घाट के महंत जन्मेजशरण जी ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के साथ हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवचलित कर भंडारे का शुभारंभ किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने सभी देशवासियों और प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव लीलावती कुशवाहा राम अचल यादव, श्री चंद यादव संजय सिंह, राकेश पांडे जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम जेपी यादव, एडवोकेट शवेज जाफरी राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, इंद्रपाल यादव, रक्षाराम यादव, अमृत राजपाल, दान बहादुर सिंह,शमशेर यादव रामनेवल पाल लवलेश पांडे, राजनाथ यादव,,गोविंद यादव अपर्णा जायसवाल सरोज यादव,अजय यादव, ऋतुराज सिंह, महंत रामदास, लड्डू लाल यादव, प्रोफेसर मिर्जा साहब,फरीद कुरैशी, बाबूराम गौढ़, पंकज पांडे, सुधीर सिंह, विद्याभूषण पासी शिवांशु तिवारी अनिल यादव, शाहबाज लकी इश्तियाक सूर्यभान यादव, खान,अनस खान, सुनील कौशल,आदि लोग मौजूद रहे

जेठ माह के तीसरे मंगलवार पर श्री हनुमानगढ़ी के सिंह द्धार पर श्रद्धालुओं को छोला-चावल एवं बूंदी प्रसाद बांटा गया। जिसमें हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण का आयोजन राधिका सेवा ट्रस्ट हनुमानगढ़ी अयोध्या की तरफ से किया गया था। इसका शुभारंभ हनुमानगढ़ी के नागा साधु संत महंत राजू दास, महंत मामा दास, महंत उपेंद्र दास, लवकुश दास, रवि नागा, अभय दास ने बजरंगबली के चित्रपट पर पूजन-अर्चन, आरती से किया। उसके बाद स्टाल लगाकर हनुमान भक्तों को छोला-चावल, बूंदी प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण का सिलसिला देररात्रि तक चलता रहा। इससे पहले राधिका सेवा ट्रस्ट हनुमानगढ़ी अयोध्या के अध्यक्ष महंत सूर्यभान दास ने मुख्य अतिथि समेत आए हुए अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ा, माल्यार्पण कर स्वागत किया। महंत सूर्यभान दास ने कहा कि उन्होंने जेठ के तीसरे मंगलवार पर हनुमानगढ़ी के सिंह द्वार पर प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। यह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम राधिका सेवा ट्रस्ट की तरफ से किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में बजरंगबली के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जी सबका कल्याण करें। यही उनसे कामना है। महंत मामा दास ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके द्वारा जेठ के मंगलवार पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बजरंगबली सबके ऊपर अपनी कृपा बनाये रहें। देश में शांति और खुशहाली स्थापित हो। इस अवसर पर महंत राजू दास, महंत उपेंद्र दास, लवकुश दास, अभय दास, रवि नागा सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

भक्ति और आस्था की नगरी अयोध्या में तीसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर पत्रकार विनय सिन्हा के महाजनी टोला स्थित आवास के सामने शंकर जी के मंदिर पर हनुमान जी के प्रसाद के रूप में लड्डू वितरण का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन शाम 7 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भक्ति भजनों और कीर्तन ने माहौल को और अधिकओपी आध्यात्मिक बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन के साथ हुई, जिसमें हनुमान चालीसा और अन्य भक्ति भजनों की मधुर प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की स्वरलहरियों ने मंदिर परिसर को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। इसके बाद पत्रकार विनय सिन्हा ने स्वयं हनुमान जी के प्रसाद के रूप में लड्डुओं का वितरण किया। प्रसाद लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जो इस पावन अवसर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थी।इस आयोजन में मनीष साहू, संजय गुप्ता,अभिषेक सिन्हा, शिव कुमार गुप्ता, हनुमत दुबे और उपेंद्र मणि भजन कीर्तन करती महिलाओं में सारिका सिन्हा प्रीति श्रीवास्तव, सुमन साहू अंजली साहू, शिखा अग्रहरि, रागिनी चौरसिया,ने प्रसाद वितरण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इन सभी ने मिलकर आयोजन को सुचारु और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। भक्तों के चेहरों पर प्रसाद प्राप्त करने की खुशी और भक्ति का भाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। इस दौरान मंदिर परिसर में हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा।बड़े मंगल का यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था, बल्कि सामाजिक एकता और समरसता को भी दर्शाता है। पत्रकार विनय सिन्हा ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष बड़े मंगल के अवसर पर किया जाता है, जिसका उद्देश्य भक्तों को हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा, हनुमान जी की भक्ति से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि समाज में सकारात्मकता का संचार भी होता है।इस आयोजन में शामिल भक्तों ने इस पहल की सराहना की और इसे भक्ति और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया। मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ देर रात तक प्रसाद ग्रहण करती रही, और हनुमान जी के भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। यह आयोजन अयोध्या की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत करने का एक सुंदर उदाहरण बन गया।

इसी क्रम में ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर भंडारे और लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सामाजिक और धार्मिक एकता की मिसाल पेश की गई, जहां लोग सेवा और भक्ति में एकजुट नजर आए। अमेरिका में कृषि वैज्ञानिक के पद पर तैनात डॉ. हरी प्रताप सिंह मंगलवार सुबह अपने पैतृक गांव गोकुला पहुंचे। उन्होंने मां आदि शक्ति दुर्गा मंदिर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित करवाया। इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भक्ति भाव से पाठ में हिस्सा लिया। पाठ के उपरांत डॉ. सिंह ने लंगर का आयोजन किया, जिसमें छोले-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे भक्ति और सेवा का अनूठा संगम बताया। उन्होंने कहा कि जल्दी से आने का मौका नहीं मिलता लेकिन अपनों के बीच अच्छा लग रहा है। इसी क्रम में पूरब गांव में राजू जायसवाल ने भी लंगर का आयोजन किया। उनके द्वारा आयोजित भंडारे में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वादिष्ट प्रसाद और सामुदायिक एकता ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।

खण्डासा मोड़ पर समाजसेवी राजन पाण्डेय के पुत्र और जिला पंचायत सदस्य अंकित पाण्डेय ने गर्मी के मौसम को देखते हुए शीतल जल और शरबत का लंगर लगाया। इस सेवा कार्य में आने-जाने वाले राहगीरों और श्रद्धालुओं ने ठंडे पेय का आनंद लिया और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंकित पाण्डेय ने कहा कि यह सेवा कार्य उनके लिए समाज के प्रति कर्तव्य का एक हिस्सा है।

क्षेत्र के बसापुर, कुमारगंज, बंवा मोड़, हनुमानगढ़ी, खण्डासा, अमानीगंज, रामनगर, और अमरगंज जैसे विभिन्न स्थानों पर भी भारी संख्या में लोगों ने भंडारे और लंगर का आयोजन किया। इन आयोजनों में स्थानीय लोग और श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक उत्साह का हिस्सा बने। हर तरफ भक्ति और सेवा का माहौल देखने को मिला, जहां लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर इस पवित्र अवसर को उत्सव के रूप में मनाते दिखे। ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को आयोजित इन भंडारों और लंगरों ने न केवल धार्मिक महत्व को दर्शाया, बल्कि सामाजिक एकता और परस्पर सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने का काम करते हैं।

पूरा बाजार संवाददाता के अनुसार बड़े मंगलवार के पावन पर्व पर पूरा बाजार में जगह-जगह कहीं भंडारा प्रसाद तो कहीं शरबत प्रसाद डीजे की धुन पर भक्ति भावना का संचार करते हुए पाए गए रोहित यादों की आयोजकत में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर महाप्रसाद बाटी चोखा दाल चावल तो कहीं चना प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं ने किया रोहित यादव द्वारा आयोजित भोज भंडारा में आचार्य रामदास जी महाराज संकट मोचन हनुमान मंदिर पूरा बाजार पश्चिम नाका ने कहा 21वीं स दी मैं प्रविष्ट करने के बाद भी आज लोगों की भ्रांतियां हैं की भोज भंडारी का प्रसाद नहीं ग्रहण करना चाहिए जबकि सही बात तो यह है कि जब वीर भगवान हनुमान जी की असीम कृपा होती है तब हमें भगवान का भोग लगाया गया प्रसाद ग्रहण करने का अवसर प्रदान होता है वही दतौली धाम सरकार ओम नारायण दास महाराज ने कहा कि जब मानव के पूर्ण फल उदित होता है तब उसे भाई बांधों के साथ चारों युगों में महात्मा रखने वाले वीर भगवान अतुलित बल की खान बजरंगबली जी महाराज का प्रसाद ग्रहण करने का पुनीत पावन अवसर प्राप्त होता है वही सिद्ध पीठ पिपरा भवानी हनुमान जी का विराट मंदिर पर श्रद्धालुओं ने शरबत पिलाकर प्यास होठों को जल प्रसाद ग्रहण कराया वही मयंक कोकण सिंह फिलिंग स्टेशन के सामने नौजवानों ने शरबत प्रसाद का आयोजन किया ठीक सिद्ध पीठ पर ठाकुर सत्यवीर सिंह जवा सं दुलदुली सिंह हनुमान सिंह शत्रुघ्न सिंह सलबीर सिंह बलबीर सिंह शैल वीर सिंह शिवम सिंह ठाकुर लंबरदार सिंह सहित तमाम बच्चों ने शरबत पिलाकर लोगों का आशीर्वाद लिया वहीं दूसरी ओर संकट मोचन हनुमान मंदिर पर धर्मेंद्र यादव सुग्रीव यादव हेमंत कुमार गुड्डू रवि यादव राजेश यादव सुरेंद्र यादव अवधेश यादव सुरेश यादव शिवनाथ यादव संदीप यादव संदीप यादव सहित तमाम युवाओं ने संकट मोचन हनुमान मंदिर पर प्रसाद वितरण और आगंतुकों का सहयोग किया वहीं दूसरी ओर विनय कुमार गुप्ता समाज सेवक ने वीर भगवान हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन करने के बाद छोला प्रसाद वितरण कराया अनुष्ठान छो ला प्रसाद वितरण के पूर्व डॉक्टर टीवी सिंह ने विधिवत पूजन अर्चन और हनुमान जी को केला लड्डू पंचमुखी हनुमान जी की पांचो ललाट पर चंदन का तिलक लगाकर अभिषेक किया और भगवान हनुमान जी के चित्र पर लाल वस्त्र पन कर पूजन अर्चन किया डॉक्टर टीवी सिंह ने संस्कृत में मंत्र पढ़े और मंत्र के बाद हनुमान जी को भोग लगाकर आरती के तत्व प्रांत प्रसाद वितरण की अनुमति दिया।

इसी क्रम में प्रमोद सोनी पुत्र बाबूराम सोनी हरिओम गुप्ता हनुमंत प्रसाद वितरण शिविर बिल्हार घाट रसूलाबाद आर्मी पुन हद दतौली धाम सरकार देवगढ़ बेलसंडी बाकरगंज दुगावा रहीमपुर ज्ञा ना पर श्री राम जानकी मंदिर पूरा बाजार श्री राम जानकी मंदिर सराय राशि श्री राम जानकी मंदिर कुरावली में शिद्दत से हनुमान जी का पूजन अर्चन प्रसाद वितरण कार्यक्रम आरंभ हुआ पूरा बाजार पश्चिमी नाका स्थित हनुमान मंदिर पर प्रधान प्रतिनिधि रणधीर सिंह सीबी सिंह इंटर कॉलेज के प्रोफेसर विजय व्यास डॉक्टर टीवी सिंह अभिषेक सिंह अवि चल सिंह भारतीय जनता पार्टी महिला प्रकोष्ठ की नगर मंत्री अयोध्या स्वाति सिंह सहित तमाम लोगों ने भंडारा प्रसाद वितरण में अपना अमूल्य सहयोग सुनिश्चित किया और महावीर भगवान हनुमान जी के चरणों में नतमस्तक होकर पूजन अर्चन किया भंडारा हनुमान जी महाराज की जयजैसे गगन बेदी तारों के साथ निरंतर चलता रहा। बड़े मंगलवार पर आयोजित भोज भंडारा देर शाम तक युवाओं ने अपने ऊर्जा का संचार करते हुए आरंभ कराया वही डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेज ने युवाओं बच्चों और उनके साहस की सराहना करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे सभी हनुमंत लाल के भक्तों को हृदय की गहराइयों से साधुवाद दिया।

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी की जनस्थली अयोध्या के ग्रामसभा रामदासपुर में आज ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया विशाल भंडारे का आयोजन ग्रामसभा रामदासपुर के प्रधान प्रतिनिधि डिंपल सिंह (सौरभ सिंह) और समस्त ग्राम वासियों के सहयोग द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभु हनुमान जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना की गई और भंडारे में आए हुए भक्तों को प्रसाद वितरण करवाया गया।

बजरंग बली की आरती और भोग प्रसाद के बाद आए हुए भक्तों को भोग प्रसाद वितरित किया। हिन्दू धर्म में बड़ा मंगल बहुत ही खास पर्व माना जाता है और बड़ा मंगल के दिन भगवान हनुमान जी की उपासना की जाती है। खासतौर पर बड़ा मंगल उत्तर भारत और अवध क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में मनाया जाने वाला एक खास पर्व है। यह ज्येष्ठ मास में आने वाले हर मंगलवार को मनाया जाता है। ज्येष्ठ मंगल को बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग विशेष रूप से हनुमान मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना करते हैं।

इसी क्रम में आज प्रधान प्रतिनिधि डिंपल सिंह (सौरभ सिंह) और समस्त ग्राम वासियों के सहयोग द्वारा ने भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान नीलेश सिंह, बब्लू सिंह, जय करनसिंह, घोटन सिंह, राज बलि वर्मा,दिनेश सिंह, अवनीश सिंह, अंकुर सिंह,अनुपम सिंह, आशू सिंह, चंदन सिंह, प्रदीप राम प्रसाद वर्मा, राजू वर्मा, इंद्रभान वर्मा, राम अनुज निषाद, तिलक राम, अनुपम, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार अयोध्या सदर अयोध्या

वाद सं0 7324/2021

ता0 पेशी0 04-06-2025

अमरीश वर्मा..... वादी

बनाम

दिनेश कुमार गुप्ता आदि..... प्रतिवादीगण

बनाम-1.अमरीश वर्मा पुत्र रामसमुझ वर्मा 2.शिवचन्द वर्मा पुत्र रामसमुझ वर्मा निवासीगण ग्राम सराय चैमल तहसील सदर जिला अयोध्या.....प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 06 के 04 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के.05 के 27 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

(प्रारूप 7) (नियम 11 (1)

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 12 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

न्यायालय श्रीमान् तृतीय सिविल जज सी.डि./ए.सी.जे.एम.अयोध्य

परिवाद संख्या-463/2024

धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम कोतवाली बीकापुर

तारीख पेशी- 02.08.25

श्रीमती सुषमा तिवारी.....परिवादी

बनाम

अटल तिवारी आदि.....प्रत्यर्थीगण

बनाम-1.अटल तिवारी पुत्र शंकर प्रसाद तिवारी 2.शंकर प्रसाद तिवारी पुत्र कमला प्रसाद तिवारी 3. पार्वती पत्नी शंकर प्रसाद तिवारी निवासीगण ग्राम रामपुर भगन थाना तारुन जिला अयोध्या.....प्रतिवादीगण

याची..... ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा 12 के अधीन आवेदन फाइल किया है । आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा माँगे गये अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए, व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 02 मास 08 सन 2025 को 10 बजे पूर्वान्ह/अपरान्ह में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के.05.के.27.दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज हवेली जू.डि.अयोध्या

मूलवाद सं- 229/2023

तारीख पेशी- 30.05.25

आशा देवी.....वादिनी

बनाम

राधेश्याम आदि.....प्रतिवादीगण

बनाम-1. राधेश्याम मौर्या पुत्र स्व. रामबरन मौर्या 2. रामजी 3.राजेश मौर्या पुत्रगण स्व. राधेश्याम मौर्या निवासीगण ग्राम मुमताजनगर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या. .....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 30 माह 05 सन् 2025 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्ता मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख.27 माह 05 सन् 2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी. डि. अयोध्या द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

अ. प्र. वाद सं.- 8/2025

तारीख पेशी -15.07.25

संदीप कुमार पुत्र स्व.भोलानाथ गुप्ता निवासी कौशलपुरी कालोनी एम.आई.जी.-3 जगदीशनगर, खोजनपुर, पोस्ट रिकाबगंज, तहसील सदर जिला अयोध्या..... प्रार्थी

बनाम

सरकार.....विपक्षी

प्रकाशन आम व खास

चूंकि प्रार्थी ने अपने मृतक भोलानाथ गुप्ता पुत्र ओरीलाल गुप्ता को देय ऋणों एवं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा- 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 ई० में आवेदन किया है।

चूंकि श्री प्रार्थी उपरोक्त ने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और वर्ष 2025 के माह 07 के दिवस 15 को आवेदन की सुनवाई के लिए तिथि निश्चित की गयी है।

अत: यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा सिविल जज सी. डि. अयोध्या के न्यायालय में दिनांक 27.05.25 को अपरान्ह 10.30 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना-पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 08.01.2013 ई. को मेरे द्वारा हस्ताक्षरित तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय